This delicacy is a sensorial journey, with its very name imbued with tactile, visual and aural resonance. The term suhan, meaning a whetstone or file used to smooth wood, conjure the halwa's gritty fine-grained texture, its glimmering appearance, and the crackling, raspy crunch that shatters in the mouth, releasing a symphony of sweetness laced with hints of aromatics, nuts, and spices.

Today, simpler brittle (kadak) and flaky (papadi) variants, often made without expensive aromatics and spices, are sold across India, alongside its cousin, a softer, fudge-like version known as dodha. While using similar ingredients, dhoda employs a slightly different technique that stops short of the brittle stage, producing instead a chewy, dense texture.

> Today, simpler brittle (kadak) and flaky (papadi) variants, often made without expensive aromatics and spices, are sold across India, alongside its cousin, a softer, fudge-like version known as dodha. While using similar ingredients, dhoda employs a slightly different technique...

Different variants of suhan halwa, such as the khass or special and the flaky papdi types, recorded in Mughal cookbooks and the later 18th and 19th century culinary manuals that borrowed from them, were made using germinated wheat flour, refined flour, starch, ghee, honey, sugar, musk, rose petals, pine nuts, pistachios, almonds, chironjee and spices like nutmeg, mace, long tailed as well as the round black pepper and cinnamon.

The evidence marshalled above makes it abundantly clear that contrary to a popular narrative traceable to the 19th century, and canonised in John T Platt's *Urdu, Classical Hindi, and English Dictionary*, first published in 1884, this sweetmeat is not named after the imagined, mythical Sohan Lal halwai. Nor was it invented in a sweet shop in Old Delhi in 1790, during the reign of the Mughal emperor Shah Alam II, despite what Wikipedia would have you believe. Sweet makers in the elite kitchens of Delhi, Lahore, Multan, Lucknow, Rampur, Bengal, and Bihar had been feeding this almost toffee-like mithai to connoisseurs at least since the seventeenth century. Then, where does the origin of suhan halwa lie, and how did it become part of Multan's identity? Borrowing from historian Finbarr Barry Flood's approach to art and material history, a more nuanced way of investigating culinary history lies in tracing routes rather than roots. It is not always possible to pinpoint a single place or moment of invention for a food dish; recipes continually evolve as they pass through different hands and adapt to new ecological and regional contexts.

The story of suhan halwa is enmeshed in the broader processes, networks of exchange, and histories of mobile communities that shaped early modern Asia. This period, stretching from the fifteenth to the eighteenth century, was marked by intensified and sustained movement of people and ideas across South, West, and Central Asia, giving rise to a shared culinary heritage. Many dishes, including early forms of biryani and certain varieties of pulao and kebabs, travelled to Hindustan from the Iranian plateau during this period via different circuits and with different agents. Suhan halwa too followed a similar trajectory, albeit with a specific connection to Multan.

From Akbar's reign onwards, Multan was one of the largest Mughal subas (provinces), encompassing much of pre-Partition southern Punjab as well as parts of the Balochistan region. It bordered several other Mughal subas: Lahore and Kabul to the north, Thatta to the south, and Ajmer and Delhi to the east. To its west lay Qandahar, a region that remained a persistent point of contention between the Mughals and the Safavids, with the latter largely exercising effective control over this area and, beyond it, the remaining territories of the Safavid Iranian Empire.

In addition to being a major Sufi centre and province for the minting of Mughal coins, Multan was an important hub of agricultural production, textile manufacture, and tile-making, as noted by the historian Scott C Levi. Inhabited by both Muslim and Hindu merchants, Multan functioned as a significant entrepôt and transregional trade centre, occupying a crucial position along the overland caravan routes linking South Asia with Western, Northern, and Central Asia.

Early modern merchants, Sufi saints, and physicians from the Iranian plateau travelled through and spent considerable time in Multan on their journey to find suitable patrons in Mughal emperors and other courtly elite, imprinting their food habits and culinary techniques on the region's inhabitants. The networks of knowledge and material exchanges mediated by these mobile communities, especially the Hindustan-bound Iranian Sufis and physicians who passed via Multan, can be credited with suhan halwa becoming a part of the South Asian culinary repertoire.

Halwa was an important edible commodity for both these groups. For the Sufis, the ritual of offering halwa marked a new disciple's initiation into their silsila or brotherhood. Physicians regarded halwa as nourishing aliment because sweetness was the most balanced flavour profile according to the Yunani medical system, a detail I have explored in an academic journal article on Mughal culinary knowledge. These spiritual and medical reasons, combined with the firm consistency of suhan halwa that made it well suited for carrying over long distances, explain how and why this sweetmeat travelled from the Iranian plateau, found a home in Multan, and entered Mughal cookbooks and elite kitchens.

Texts produced in India attests to the belief in suhan halwa's curative properties. A 17th-century Mughal recipe for the suhan halwa follows up with the advice that eating a pau (about 250 grams) of suhan halwa every day was beneficial for health, as it alleviated 'wind,' one of the natural element that according to the Yunani and Ayurveda make up the human body. These medical systems link excess of wind in the body to flatulence, indigestion, lethargy and an imbalanced temperament.

Faith in the medicinal powers of suhan halwa was so widespread that the famous 19th-century poet Mirza Ghalib's sister-in-law packed some for his journey back to Delhi from Rampur, which he undertook while suffering from constipation. We also encounter examples that illuminate the enduring association of suhan halwa with ascetic figures and mystics. It features as a nourishing delicacy in the story of a dervish in Bagh-o-Bahar or the Tale of Four Dervishes, a work often incorrectly attributed to the celebrated 13th-14th-century Sufi poet Amir Khusrau but actually written in 1801 by Mir Amman Dehlvi. It is also mentioned in the 19th-century Urdu and English translations, produced in India, of the 10th-century Arabic work on metaphysics, *Rasa il Ikhwan al-Safa* (Epistles of the Brethren of Purity) composed in Iraq. In the 1801 Urdu translation, which served as the source for the 1869 English version, suhan halwa replaces the generic mention of halwa in the original text as a delicacy available to those who live a refined life, in contrast to animals that devour rinds and stones. While these legacies of Suhan halwa faded away with time, it continued to garner popularity and patrons. Among its famous patrons were the first prime minister of India and his father. In 1926, Motilal Nehru sent suhan halwa to his son Jawaharlal Nehru in Delhi from Chheoki, near Allahabad (now Prayagraj).

I have often contemplated putting together these archival traces that tell the story of suhan halwa, a sweet that binds early modern exchange networks, the Mughal culinary legacy, Partition, and the resilience of the displaced Multani community. Yet, I hesitated. Suhan halwa evokes not only delight but also absence; it carries the quiet weight of loss. It brings back memories of a bygone time when my great-grandfather, a playful prankster, would scare a young me with his dentures. What finally nudged me to confront grief and put these words to paper were old family photographs my father recently shared, images that, like the halwa itself, collapse distance and time, letting the past and present meet in a single, bittersweet moment.

rajeshsharma1049@gmail.com

> A 17th-century Mughal recipe for the suhan halwa follows up with the advice that eating a pau (about 250 grams) of suhan halwa every day was beneficial for health, as it alleviated 'wind,' one of the natural element that according to the Yunani and Ayurveda make up the human body.

#MITHAI



Suba of Multan, from the Album *Illustrating the Provinces of the Mughal Empire*, commissioned from local artists at Faizabad by Jean-Baptiste Joseph Gentil in 1770.

Sohan Halwa being sold near Deva Sharif Dargah in Barabanki.

Sohan Halwa being sold at a sweet shop near Deva Sharif Dargah in Barabanki.



List of ingredients for making Halwa i-Suhan from a cookbook composed for Mughal emperor Alamgir Aurangzeb's kitchen.



List of ingredients for making Halwa i-Suhan Khassa from a cookbook composed for Mughal emperor Alamgir Aurangzeb's kitchen.



211. To Jawahar[1]

9.12.26

My dear Jawahar,

The accompanying letter was much delayed in posting and could not catch the foreign express even at Chheoki where it was sent by motor car.

I have now definitely arranged to have my river trip from Calcutta to Gauhati as I find it impossible to have any rest on terra firma. I did not go to the Kashipur Conference (which by the way passed off successfully under the give him any excitement. The general aspect of the question requires serious consideration and I shall discuss it with Gandhiji & others. I think it is well worth collecting a fund for the special purpose of training promising boys in the manner you suggest.

I shall just miss your next letter as I am leaving for Calcutta a few hours before the mail is due. I hope to get it in Calcutta.

Some *halwa sohan*, *dalmote* etc. is being sent to you by parcel post today. I do not know when it will reach you.

With love.

Your loving Father

Excerpt from a letter written to Jawaharlal Nehru by his father Motilal Nehru.

#STRANGE BEGINNINGS

'Bring Home The Bacon' But 'Boycott' The 'Hair Of The Dog'

The Curious Origins of Common English Phrases

We often use phrases like 'bring home the bacon' or 'hair of the dog' without a second thought. They roll off the tongue in everyday conversation, but their origins are anything but ordinary. Some come from history, others from folklore or odd traditions. Let's explore the intriguing stories behind three such expressions: bring home the bacon, boycott, and hair of the dog.



Bring Home the Bacon

Today, 'bring home the bacon' simply means to earn a living or support a household financially. But where did bacon come into this?

One of the oldest theories links this phrase to 12th-century England, where churches in the town of Dunmow, Essex awarded a side of bacon (a 'flitch') to any married man who could swear he had not quarreled with his wife for a year and a day. If he succeeded, he literally brought home the bacon as a reward for domestic harmony.

Another more modern theory comes from early 20th-century boxing. In 1906, after a fight, American boxer Joe Gans received a telegram from his mother encouraging him to 'bring home the bacon.' He won the match and the phrase gained popularity in sports reporting, and later, in general use. Regardless of its exact root, the phrase became a symbol of success, achievement, and financial provision.

Boycott

Unlike most idioms, 'boycott' has a very specific and traceable origin, and it comes from a man's name.

In 1880s Ireland, during a land dispute, Captain Charles Boycott, an English land agent, tried to evict Irish tenant farmers who demanded lower rents. In response, the community united against him. They refused to work for him, do business with him, or even speak to him. His isolation was so complete that journalists began using his name as a verb.

Soon, 'to boycott' meant to organize a collective refusal to engage, and the word quickly spread into common English usage. Ironically, Charles Boycott's legacy lives on in a word that symbolizes resistance and social action.

Hair of the Dog

This odd-sounding phrase, short for 'hair of the dog that bit you,' is commonly used to refer to the practice of drinking a small amount of alcohol to ease a hangover. But the origin is more literal and quite old.

In medieval times, people believed that if you were bitten by a rabid dog, the best cure was to apply a potion made from the hair of that same dog to the wound. The idea was that a bit of what harmed you could also heal you, a crude form of homeopathy. Though the medical theory doesn't hold up today, the metaphor endured. Over time, it came to refer not to dog bites, but to hangovers, suggesting that a bit of the same alcohol that 'bit' you might help ease the pain the next day. Whether that actually works is still debated, but the phrase has stuck. These three phrases, bring home the bacon, boycott, and hair of the dog, show how language evolves from unexpected places: village traditions, political resistance, and folk remedies. They remind us that even everyday expressions carry stories from the past, waiting to be uncovered in the words we speak today.

THE WALL



BABY BLUES By Rick Kirkman & Jerry Scott

ZITS By Jerry Scott & Jim Borgman



पावटा कस्बे में पागल कुत्ते (श्वान) ने 13 लोगों को काटा, तीन जयपुर रैफर

श्वान के आतंक के बाद लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए

- उपखंड अधिकारी ने नगरपालिका एवं चिकित्सा विभाग को कार्रवाई के दिए निर्देश
- घटना की जानकारी मिलते ही नगरपालिका की टीम को मौके पर भेजा है : ईओ फतेह सिंह

पावटा, (निसं)। कस्बे में उस समय दहशत का माहौल बन गया, जब एक पागल कुत्ते (श्वान) ने अलग-अलग स्थानों पर अचानक हमला कर 13 लोगों को काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और लोग घरों में दुबकने को मजबूर हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार प्रभात कॉलोनी और नाई के मोहल्ले सहित कई स्थानों पर राहगीरों पर कुत्ते (श्वान) ने अचानक हमला कर दिया। शोर मचाने पर कुत्ता मौके से भाग गया, लेकिन तब तक कई लोग घायल हो चुके थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल उपजिला अस्पताल पावटा पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने सभी घायलों का प्राथमिक उपचार कर एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाए। तीन घायलों घीसी देवी मीणा (60) निवासी भांकरी, विकास सिंह (40) निवासी पावटा, शांति देवी मीणा (72) निवासी पावटा की हालत गंभीर होने पर उन्हें जयपुर रैफर कर दिया गया।

उपजिला अस्पताल पावटा प्रभारी चिकित्सक रवि बंसल व डॉ. राजेश डूचानिया ने बताया, कुत्ते (श्वान) के काटने से घायल 13 मरीज अस्पताल लाए गए थे। सभी को आवश्यक उपचार और एंटी-रेबीज वैक्सीन दी गई है। तीन मरीजों को गहरे घाव और अधिक रक्तस्त्राव के कारण उच्च उपचार हेतु जयपुर के एसएमएस अस्पताल रैफर किया गया है। शेष मरीजों की स्थिति फिलहाल स्थिर है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों पर नियंत्रण के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

उपखंड अधिकारी पावटा डॉ.साधना शर्मा ने घटना को गंभीर बताते हुए कहा, कस्बे में पागल कुत्ते (श्वान) द्वारा कई लोगों को काटने की सूचना मिलते ही प्रशासन अलर्ट हो गया है। नगरपालिका एवं चिकित्सा विभाग को तुरंत आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में टीम भेजकर आवारा कुत्तों (श्वानों) को पकड़ने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही आमजन से भी अपील है कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध पशु की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। घायलों को समुचित उपचार उपलब्ध करवाया जा रहा है। वही पावटा प्रागपुरा नगरपालिका अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही नगरपालिका की टीम को मौके पर भेजा गया है। पागल कुत्ते (श्वान) को पकड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रभावित इलाकों में निगरानी बढ़ा दी गई है। आवारा कुत्तों की धरपकड़ एवं टीकाकरण अभियान को और तेज किया जाएगा, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। आमजन से सहयोग की अपील की जाती है।

कोटा में युवक की हत्या के तीन आरोपियों को पकड़ा

- आपसी रंजिश के चलते युवक की हत्या की थी

कोटा, (निसं)। गुमानपुरा इलाके में युवक की हत्या के दर्ज मामले में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन हमलावरों को गिरफ्तार किया है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि गुमानपुरा थाना इलाके के कोटड़ी भोई मोहल्ला में आपसी रंजिश के चलते युवक धीरज उर्फ बिजली बादशाह की नृशंस हत्या कर दी थी।

शहर एसपी ने बताया कि हत्या के मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उप-अधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में गुमानपुरा थानाधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर संभावित स्थानो पर दबिश दी, पुलिस टीम ने मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए भोई मोहल्ला कोटड़ी निवासी पवन उर्फ बुड्ढा, भोई मोहल्ला निवासी ओमप्रकाश उर्फ गंजी, कोटड़ी भोई मोहल्ला निवासी रोहित उर्फ चिल्लू को गढ़ पैलेस चम्बल पुलिया के पास से डिटेन कर प्रकरण में गिरफ्तार किया गया। मामले में पकड़े गये आरोपियों से अनुसंधान में सामने आया कि मृतक धीरज की आरोपी ओमप्रकाश से घटना के चार-पांच दिन पहले मोटरसाइकिल को साइड में लेने की बात को लेकर विवाद हुआ था, जिस पर मृतक धीरज ने आरोपी ओमप्रकाश के साथ मारपीट की थी, जिसका बदला लेने के लिये आरोपियों ने धीरज उर्फ बिजली बादशाह पर लोहे के पाइप व चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी।

शहर एसपी ने बताया कि 23 फरवरी को फरियादी ने गुमानपुरा थाने में रिपोर्ट दी थी, रिपोर्ट में कहा था कि उसका भाई धीरज उर्फ बिजली बादशाह और उसका दोस्त एक शादी में जा रहे थे, सामुदायिक भवन के पास 7-8 जने ओमप्रकाश, पवन, रोहित, तुषार, सुमित अन्य ने उसके भाई धीरज को रोककर लोहे के पाइप व चाकू से हमला कर दिया। हमले में उसके भाई धीरज की मौत हो गई थी। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर मामले में तीन आरोपियो की गिरफ्तारी की है। मामले में अनुसंधान जारी है।

जेवरात व नकदी चोरी : उदयपुर शहर के प्रतापनगर थाना क्षेत्र में स्थित सूने मकान से चोर जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित रतनलाल पुत्र दलीचंद कुमावत निवासी मीरा नगर ओल्ड आरटीओ रोड़ ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया, जिसमें उसने बताया कि 25 फरवरी को रिश्तेदारी की मृत्यु होने पर मकान पर ताला लगा कर वहां गए थे। वापस लौटे तो मकान का ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। तलाशी लेने पर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी गायब थी।

भीलवाड़ा : मध्यप्रदेश के सीएम ने सनातन मंगल महोत्सव में शिरकत की

- 'संत समाज सनातन संस्कृति के जीवंत स्तंभ हैं, उनके माध्यम से समाज को देवत्व का साक्षात्कार होता है'

भीलवाड़ा, (निसं)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में अमरता केवल जीवन की निरंतरता नहीं, बल्कि वंश, संस्कार और आस्था की अखंड परंपरा है। संतान केवल परिवार का विस्तार नहीं, बल्कि उस कुल की अमरता का प्रसाद होती है। सनातन संस्कृति हजारों वर्षों से ज्ञान, साधना और आध्यात्मिक चेतना की धारा के रूप में समाज को दिशा देती आई है। यत् पिंडे तत् ब्रह्मांडे की भावना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मानव और ब्रह्मांड में कोई अंतर नहीं है, दोनों एक ही चेतना के विस्तार हैं। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को भीलवाड़ा के हरिशेवा धाम में आयोजित सनातन मंगल महोत्सव व दीक्षा दान समारोह में मौजूद समस्त संतों व श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि संत समाज सनातन संस्कृति के जीवंत स्तंभ हैं। उनके माध्यम से समाज को देवत्व का साक्षात्कार होता है। उन्होंने महाभारत का संदर्भ देते हुए कहा कि दिव्य दृष्टि हर किसी को नहीं मिलती, किंतु संतों के सान्निध्य में आस्था और श्रद्धा के माध्यम से ईश्वर की अनुभूति संभव है। ऐसे दिव्य व्यक्तित्वों का सान्निध्य स्वयं में आध्यात्मिक ऊर्जा का स्त्रोत है। मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री ने वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले कुंभ मेले में सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विशेष रूप से राजस्थान और मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक एकता का उल्लेख करते हुए कहा कि रा से राजस्थान और म से मध्यप्रदेश को जोड़ें तो यह राम परंपरा की स्मृति को जागृत करता है। यह केवल भाषाई संयोग नहीं, बल्कि साझा आस्था, इतिहास और संस्कृति का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि दोनों राज्यों की सांस्कृतिक विरासत एक-दूसरे से जुड़ी हुई है और भगवान राम की मर्यादा तथा सनातन मूल्यों से प्रेरित है। समारोह में सहकारिता विभाग के मंत्री गौतम दक, राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेशनाथ महाराज, स्थानीय सांसद दामोदर अग्रवाल ने भी सनातन संस्कृति के विषय पर विचार व्यक्त किये। समारोह में महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन ने मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित अन्य अतिथियों का उपरणा ओढ़ाकर अभिनंदन किया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से एक राहगीर की मौत

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के धम्बोला थाना क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक राहगीर की मौत हो गई। गुरुवार सुबह कोवाडिया फला की कनिपा बस्ती के पास सड़क किनारे उसका शव मिला। पुलिस ने मृतक की पहचान कोवाडिया फला निवासी रतनलाल डामोर के रूप में की है।

धम्बोला थाने के एएसआई ने बताया कि गुरुवार सुबह उन्हें सूचना मिली थी कि कनिपा बस्ती के पास सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल से अज्ञात वाहन की आगे की लाइट के टुकड़े भी बरामद हुए हैं। परिजनों ने पुलिस को बताया कि रतनलाल बीती रात घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। पुलिस ने शव को मौके से उठवाकर सीमलवाड़ा अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

फिल्म "यादव जी की लव स्टोरी" का अलवर में विरोध

अलवर, (निसं)। अलवर में फिल्म यादव जी की लव स्टोरी के विरोध में यादव समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने 'यादव जी की लव स्टोरी नहीं चलेगी' तथा 'लव जिहाद बंद करो' जैसे नारे लगाए। जिला मुख्यालय स्थित मिनी सचिवालय पर यादव समाज के लोगों ने गुरुवार को यह प्रदर्शन किया। बाद में एडीएम सिटी को ज्ञापन सौंपा गया।

यादव समाज के अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने बताया कि 27 फरवरी को फिल्म यादव जी की लव स्टोरी रिलीज होगी। उनका आरोप है कि फिल्म में यादव समाज की लड़की के चित्रण से छवि खराब होती है और सामाजिक सौहार्द बिगड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यादव समाज ऐसी किसी घटना से जुड़ा नहीं है, जैसा फिल्म में दिखाया गया है। उन्होंने इसे समाज को बदनाम करने की कोशिश बताया। यादव समाज के अध्यक्ष नरेंद्र यादव ने चेतावनी दी कि यदि फिल्म अलवर में रिलीज हुई तो वे सिनेमाघरों में जाकर भी विरोध दर्ज कराएंगे।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि फिल्म में उनके सरनेम का उपयोग कर कहानी बनाई गई है, जिसे वे स्वीकार नहीं करेंगे। उनका कहना है कि यदि समाज पर फिल्म बनानी है तो ऐतिहासिक और वीरता से जुड़े विषयों जैसे महाभारत या रणगाथाओं पर बनाई जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि फिल्म अलवर में रिलीज हुई तो वे सिनेमाघरों में जाकर भी विरोध दर्ज कराएंगे।

बताया गया कि इससे पहले टपूकड़ा क्षेत्र में भी इस फिल्म का विरोध हो चुका है। अलवर जिला मुख्यालय पर सैकड़ों लोग फिल्म के विरोध में एकत्रित हुए और प्रशासन से फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग की।

यादव समाज के लोगों ने मिनी सचिवालय पर प्रदर्शन किया।

बिल्डिंग गिरने के मामले में फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

- हादसे में कोचिंग छात्र एवं एक नाबालिग की मौत हो गई थी और कुछ जने घायल हो गये थे
- पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया

कोटा, (निसं)। जवाहर नगर थाना इलाके में तीन मंजिला रेस्टोरेंट की बिल्डिंग गिरने के दर्ज मामले में जवाहर नगर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मोहम्मद दाऊद को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि जवाहर नगर इलाके के इन्द्र विहार में ऑपेरा अस्पताल के सामने तीन मंजिला बिल्डिंग भरभराकर गिर गई थी, हादसे में कोचिंग छात्र एवं एक नाबालिग की मौत हो गई थी और कुछ जने घायल हो गये। शहर एसपी ने कहा कि मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच में अनुसंधान के बाद मुरादाबादी रेस्टोरेंट संचालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश के लिये पुलिस उप अधीक्षक योगेश शर्मा के सुपरविजन में जवाहर नगर थानाधिकारी रामलक्ष्मण गुर्जर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। शहर एसपी ने बताया कि गठित टीम ने तकनीकी आधार व मुखबीर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए घटना के बाद से ही फरार चल रहे आरोपी जिला रामपुर उत्तरप्रदेश हाल तलवंडी निवासी मोहम्मद दाऊद को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

शहर एसपी तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 7 फरवरी की रात्रि को जवाहर नगर इलाके के इन्द्र विहार में ऑपेरा अस्पताल के सामने स्थित रेस्टोरेंट की तीन मंजिला बिल्डिंग भरभराकर अचानक से धाराशाही हो गई थी। हादसे में कोचिंग छात्र व एक नाबालिग बालक की मौत हो गई थी एवं आठ जने घायल हो गये थे। पुलिस ने घटना के बाद मामला दर्ज कर मामले में अनुसंधान किया। पुलिस टीम ने पकड़े गये आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

जोधपुर में विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के भदवासिया स्थित 80 फीट रोड पर रहने वाली एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। बुधवार की देर शाम उसका शव फंदे पर लटका मिला। पीहर पक्ष का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने हत्या कर शव को फंदे पर लटकाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को एमजीएच मोर्चरी पर रखवाया और गुरुवार सुबह उसका मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया। शादी को चार साल हुए थे। घटना को लेकर अग्रिम जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

थानाधिकारी मोहम्मद शफीक खान ने बताया कि जयमल नगर 80 फीट रोड भदवासिया निवासी कमल किशोर जोशी पुत्र रामरख जोशी ने रिपोर्ट दी है। इसमें बताया कि उसकी पुत्री 30 वर्षीय तर्पिता की शादी वर्ष 2022 अप्रेल में विद्यानगर, आरटीओ के पास बीजेएस निवासी धर्मेंद्र पुत्र रामलाल के साथ हिंदू-रीति रिवाज के साथ की गई थी। शादी के समय 20 तोला सोना और एक किलो चांदी के आइटम के साथ घरेलू सामान दिया गया था, मगर ससुराल पक्ष के लोग जिनमें सास सुमन देवी, जेठ महेंद्र, जेठानी नीतू, काकी ससुर लक्ष्मणराम एवं खुद पति धर्मेंद्र उसे दहेज कम लाने की बात को लेकर प्रताड़ित करते थे। चार साल शादी के बीच में दो तीन बार उसकी बेटी तर्पिता को कम दहेज के लिए मारपीट कर घर बदर भी कर दिया गया। बाद में समाज के लोगों द्वारा समझाइश कर उसे ससुराल भिजवाया गया। बेटा जन्म के बाद उसे दहेज मे कार की मांग रखी गई थी। कार नहीं दिलाए जाने पर उसे घर से निकाल दिया गया। बाद में उसकी बेटी तर्पिता को किराए के मकान में रखा गया जहां पर पति धर्मेंद्र उससे मारपीट करता और दहेज के प्रताड़ित करता था।

हिस्ट्रीशीटर व दो अन्य आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने जानलेवा हमले के दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए थाने के हिस्ट्रीशीटर मोहम्मद इमरान उर्फ गोलू व दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 22 जनवरी को फरियादी ने थाने में रिपोर्ट दी। रिपोर्ट में कहा कि रात्रि के समय हाट रोड़ से अपने घर मोटरसाइकिल से जा रहा था, तभी सनसाईन होटल के पीछे वाली गली में तीन बाइक पर ईमरान उर्फ गोलू, आशु मलिक एवं दीपक चन्द्रेल ने उसको रोककर जान से मारने की नियत से उस पर लोहे के पाइप से जानलेवा हमला कर दिया। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। मामले मे फरार हमलावरो की तलाश के लिये भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, गठित टीम ने मुखबीर की सूचना व तकनीकी आधार पर कार्रवाई करते हुए हमलावरों की गिरफ्तारी के लिये जगह-जगह दबिश दी। शहर एसपी ने बताया कि आरोपी शातिर थे बार-बार स्थान बदलकर निवास कर रहे थे, पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर मामले में कार्रवाई करते हुए नेहरू नगर निवासी मोहम्मद इमरान उर्फ गोलू (31), नेहरू नगर निवासी मोहम्मद आशिक मलिक (26) एवं राजीव नगर कच्ची बस्ती गणेशपुरा निवासी दीपक चन्देल (33) को पुराना पम्प हाऊस चम्बल ब्रिज के पास से डिटेन कर अनुसंधान के बाद प्रकरण में गिरफ्तार किया।

शहर एसपी ने बताया कि मामले में पकड़ा गया आरोपी मोहम्मद इमरान उर्फ गोलू भीमगंजमंडी थाने का हिस्ट्रीशीटर है। मामले में सामने आया कि फरियादी का आरोपियो से पूर्व में झगड़ा हुआ था और उसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने फरियादी पर प्राणघातक हमले को अंजाम दिया था।

मुख्यमंत्री से रामगंजमंडी के धनिया व्यापारियों ने मुलाकात की

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में रामगंजमंडी (कोटा) के धनिया व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने राज्य में धनिया उत्पादक किसानों के हितों, विपणन व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने एवं मंडी शुल्क से जुड़े विषयों पर सुझाव साझा किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि व्यापार को सुगम बनाने तथा कृषि मंडियों को अधिक सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए संकल्पित है। हमारा लक्ष्य है कि किसानों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़े व्यापारियों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान करते हुए कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को मजबूत किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को प्रतिनिधिमण्डल के सुझावों का समुचित आकलन एवं परीक्षण के निर्देश दिए।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) अखिल अरोड़ा, प्रमुख शासन सचिव कृषि एवं उद्यानिकी मंजू राजपाल सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

जोधपुर में गजसिंह ने ओरण बचाओ पदयात्रियों से मुलाकात की

जोधपुर, (निसं)। गजसिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ओरण व गोचर भूमि जिस उद्देश्य को लेकर रखी गई उसका संरक्षण व संवर्धन समय के साथ जरूरी है। गजसिंह ने गुरुवार को ओरण बचाओ पदयात्रियों की टीम से उम्मेद भवन पैलेस में मुलाकात के दौरान यह विचार व्यक्त किए।

गज सिंह ने इस अवसर पर ओरण बचाओ पदयात्रियों से उनके कार्यक्रम की जानकारी ली व बातचीत करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य जन भावनाओं, परंपराओं व जनहित से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि ओरण व गोचर भूमि, तालाब, प्राचीन कुएं, बावड़ियों का संरक्षण जनहित से जुड़ा है। ओरण व गोचर भूमि हमारी संस्कृति व परंपराओं से जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ओरण व गोचर भूमि को उसके परंपरागत उपयोग तक सीमित रखें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ओरण व गोचर भूमि पशुओं व वन्यजीवों के लिए जीवन यापन के लिए होती है, इसके उपयोग को देखते हुए इस भूमि का संरक्षण बना रहना चाहिए। उन्होंने आशा व्यक्त की कि राज्य सरकार जन भावनाओं के अनुरूप ही निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में विकास के साथ ओरण व गोचर भूमि का संरक्षण अति आवश्यक है। गजसिंह ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा हाल ही में खेजड़ी की कटाई पर पूरी तरह से रोक के निर्णय को सही व उचित ठहराया। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा व संस्कृति में अनेक ऐसे वृक्ष हो जो पूजनीय व जन आस्था से जुड़े हुए हैं, जिनका संरक्षण जरूरी है। गजसिंह ने इस अवसर पर ओरण बचाओ पदयात्रियों से कहा कि उनके इस कार्यक्रम में उनका पूरा सहयोग रहेगा। उनके द्वारा जिस स्तर पर भी कोशिश करनी हो, की जाएगी। उनका विशेष सभी से जुड़ा हुआ विषय है।

गजसिंह ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण किया जाना चाहिए व उनका संरक्षण भी जरूरी है। हम सब की इसके लिए जिम्मेदारी बनती है, हर व्यक्ति इसमें भागीदारी निभाएं। संस्थाओं द्वारा निजी स्तर व सरकारी स्तर पर इसके लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों में अपना योगदान दें।

उम्मेद भवन पैलेस में ओरण बचाओ जन जागरण अभियान के पदयात्री सुमेर सिंह सांवता के नेतृत्व में चतर सिंह जाम रामगढ़, झब्बर सिंह सोनू, भगवान सिंह नेतसी, भूपेंद्र सिंह भवाद, शक्ति सिंह पोपावास, धर्मवीर सिंह सांकड़ा , झब्बर सिंह सांखला व प्रेम सिंह मोहनगढ़ ने मुलाकात की । सभी ने महाराजा गजसिंह का सहयोग पर आभार व्यक्त किया ।

इस अवसर पर ओरण बचाओ पदयात्रा की अगुआई कर रहे सुमेर सिंह सांवता ने बताया कि ओरण बचाओ जनजागरण पदयात्रा 21 जनवरी को जैसलमेर के मातेश्वरी तनोट राय मंदिर से जयपुर के लिए रवाना हुई है। तीन दिन तक जोधपुर में पदयात्रियों ने जगह-जगह संपर्क किया। गुरुवार को पदयात्रा जोधपुर से आगे के लिए रवाना हो गई। उनकी मुख्य मांग यह है कि ओरण व गोचर भूमि को राजस्व रिकॉर्ड में सरकारी भूमि के स्थान पर ओरण व गोचर भूमि के नाम से दर्ज की जाए।

जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में गजसिंह ने ओरण बचाओ पदयात्रियों की टीम से मुलाकात कर चर्चा की।

- ओरण व गोचर भूमि, तालाब, प्राचीन कुएं, बावड़ियों का संरक्षण जनहित से जुड़ा है : गजसिंह
- 'ग्रामीण क्षेत्र में ओरण व गोचर भूमि पशुओं व वन्यजीवों के लिए जीवन यापन के लिए होती है, इसके उपयोग को देखते हुए इस भूमि का संरक्षण बना रहना चाहिए'
- गजसिंह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा हाल ही में खेजड़ी की कटाई पर पूरी तरह से रोक के निर्णय को सही व उचित ठहराया

एक गिरफ्तार

उदयपुर, (निसं)। सायरा थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने वाले को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी की गई तीन बाइक बरामद की है। सायरा थानाधिकारी कानाराम के नेतृत्व में गठित दल ने प्रकरण में आरोपी प्रकाश पुत्र नकाराम को प्रोडक्शन वारंट जरिये गिरफ्तार कर प्रकरण में चोरी की गई बाइक के अलावा दो अन्य बाइक बरामद की।

रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के भैरूपुरा गांव को विस्थापित करने की तैयारी पूरी

- टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में बसे अन्य तीन गांवों के स्वैच्छिक विस्थापन की भी प्रक्रिया तेज
- 208 में से 80 परिवारों ने भरा नकद राशि का पैकेज, जल्दी ही जारी होगी पहली किश्त

बूंदी, (निसं)। रामगढ़-विषधारी टाइगर रिजर्व के कोर-1 में बसे भैरूपुरा गांव के विस्थापन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वन विभाग व जिला प्रशासन ने गांव के सर्वे की सूचियां जारी करने के साथ ही ग्रामीणों से स्वेच्छिक विस्थापन के लिए विकल्प फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। गांव के 208 में से अब तक करीब 80 परिवारों ने नकद राशि का विकल्प वन विभाग को दिया है, जिनकी जांच चल रही है और जल्दी ही पहली किश्त के रूप में तीन लाख रुपये खातों में डाले जायेंगे। इसके बाद विस्थापन की अन्य औपचारिकताएं पूरी कर दूसरी किश्त के रूप में साढ़े सात लाख रुपये खातों में ट्रांसफर किए जाएंगे। शेष साढ़े चार लाख रुपये की एफडी करवाई जाएगी। इसी प्रकार खटकड़ के भीमगंज व बाड़ा घूंधला आबादी को भी टाइगर रिजर्व से विस्थापित करने की कार्रवाई शुरू हो गई है। दोनों गांवों के भी विकल्प फॉर्म भरने शुरू हो गए हैं।

गुलखेड़ी के 2 परिवार नहीं छोड़ना चाहते गांव :-टाइगर रिजर्व के गुलखेड़ी गांव को सबसे पहले विस्थापित किया जा रहा है जहां से 162 परिवार पूरी तरह गांव छोड़ चुके हैं। गुलखेड़ी में अभी भी 51 परिवार रह रहे हैं, जिन्हें भूमि पैकेज का इंतजार है। इनमें से 33 परिवार ऐसे भी है, जिन्हें प्रथम किश्त का भुगतान कर दिया, लेकिन अभी तक उन्हें विस्थापित नहीं किया जा सका है। गुलखेड़ी में दो परिवार ऐसे भी है, जिन्होंने विस्थापन का विकल्प नहीं भरा और गांव में ही रहना चाहते हैं।

रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व के कोर-1 में अभी 8 गांवों में करीब दो हजार परिवार निवास कर रहे हैं, जिन्हें चरणबद्ध तरीके से जंगल से बाहर बसाने की योजना है। जिनमें जैतपुर रेंज में एक गांव भीमगंज व रामगढ़ रेंज में शेष 7 गांव आते हैं, जिनमें केशवपुरा, भैरूपुरा, गुढ़ा मकदू, जावरा, जावरा की झोपड़ियां, गुलखेड़ी व बाड़ा घूंधला शामिल हैं। इन आठ गांवों में से अभी तक केवल गुलखेड़ी को ही आंशिक रूप से विस्थापित किया जा सका है।

रामगढ़ विषधारी के कोर क्षेत्र में बसे 8 गांवों का विस्थापन स्वेच्छिक प्रक्रिया है, जिसमें ग्रामीणों को केश या भूमि पैकेज चुनने की आजादी है। केश पैकेज में प्रति परिवार तीन किश्तों में 15 लाख रुपये दिए जाने का प्रावधान है, जिनमें साढ़े चार लाख की एफडी शामिल है। भूमि पैकेज में खाते की जमीन के अतिरिक्त जमीन की सिंचित या असिंचित किस्म के आधार पर करीब एक से डेढ़ हेक्टेयर जमीन व 3 लाख 70 हजार रुपये देने का प्रावधान है। जो काश्तकार वर्तमान में गांव में निवास नहीं करते, लेकिन विस्थापित होने वाले गांव में खाते की जमीन है तो उन्हें नगरीय सीमा से दूरी के अनुसार डीएलसी दर से अधिक राशि का भुगतान किया जाएगा।

अरुण कुमार डी, उपवन संरक्षक एवं उपक्षेत्र निदेशक, रामगढ़ विषधारी टाइगर रिजर्व (कोर) बूंदी के अनुसार टाइगर रिजर्व के कोर-1 में बसे गांवों के विस्थापन की प्रक्रिया चल रही है। भैरूपुरा गांव के जो प्रस्ताव प्राप्त हुए है उन्हें प्रथम किश्त का भुगतान जल्दी ही करने का प्रयास कर रहे हैं।

संक्षिप्त

रोबोटिक सर्जरी पर जानकारी दी

भरतपुर। श्री जगन्नाथ पहाडिया मैडीकल कालेज भरतपुर एवं महात्मा गांधी हॉस्पीटल जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में भरतपुर स्थित होटल कदम कुंज में एक सी.एम.ई. का आयोजन किया गया जिसमें कि जयपुर महात्मा गांधी हॉस्पीटल के डॉक्टर नीलकमल गुप्ता सीनियर प्रोफेसर एवं यूनिट हैड लेप्रोस्कोपिक सर्जन एवं रोबोटिक सर्जन के द्वारा वर्तमान समय में नई तकनीक रोबोटिक सर्जरी के बारे में बताया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का प्रारम्भ भगवान गणेशजी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस कार्यक्रम में श्री जगन्नाथ पहाडिया मेडीकल कालेज भरतपुर के सर्जरी विभाग के डॉक्टरों एवं भरतपुर के कई वरिष्ठ सर्जन डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम के अन्त में जे.एस. सिसोदिया द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

शिविर का आयोजन

कोटपूतली। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोटपूतली-बहरोड़ सचिव डिम्पल जंडैल के निर्देशन में ग्राम भैंसलाना व सुजातनगर स्थित विद्यालयों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग, अवैध तस्करी व साईबर क्राईम जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों व ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों, ऑनलाईन ठगी व साईबर अपराध से बचाव के उपायों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम में पीएलवी संजय जोशी व बबीता जांगिड़ ने युवाओं को संबोधित करते हुये कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार व समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आव्हान किया कि वे स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी जागरूक करें।

27 फरवरी को निशान पद यात्रा से निकलेगी

मनोहरपूर। श्री श्री 1008 श्री किशन दास जी महाराज एवं श्री श्री 108 श्री साधुदास जी महाराज के आशीर्वाद से श्री श्री 1008 श्री छबीले शरण देवाचार्य जी महाराज श्री ऋषिकेश द्वाराचार्य पीठाधीश्वर जोहड़ा धाम छारसा की अनुकम्पा से श्री सिद्ध बाबा आश्रम धवहाली धाम पर शनिवार, दिनांक 28 फरवरी 2026 को विशाल मेला लगेगा। साधु सुदामा दास ने बताया कि आपको यह जानकर हर्ष होगा कि श्री सिद्ध बाबा धवाली आश्रम में हर वर्ष कि भाति इस वर्ष भी प्रात: स्मरणीय महात्मा श्री किशनदास जी महाराज एवं श्री साधुदास जी महाराज व श्री रतनदास जी महाराज की तपोस्थली धवहाली धाम पर विशाल मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें अधिक से अधिक संख्या में पधारकर महाराज के दर्शन लाभ प्राप्त करें एवं अपने जीवन को सफल बनावें।

फागोत्सव में उमड़े श्रद्धालु

निवाई। कीर कॉलोनी में स्थित दिव्य महादेव मंदिर में श्री कृष्णा सखी महिला मंडल के तत्वावधान में फागोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। फागोत्सव का शुभारंभ महेश दरगड ने गणेश वंदना के साथ किया। मंडल अध्यक्ष आशा जैन ने बताया कि फागोत्सव को लेकर सर्वप्रथम भोलेनाथ का पूजन कर श्रृंगार किया गया। फाग के गीतों पर महिला कार्यकर्ताओं ने जमकर नृत्य किया। अंत में महाआरती करके प्रसादी वितरित की गई।

खाटु श्याम जी के लिए पदयात्रा रवाना

मनोहरपूर। चक मनोहरपुर ठाकुर जी के मन्दिर से खाटु श्याम जी के लिए 20 वी पदयात्रा रवाना हुई स्थानीय निवासी रामकुंवार यादव ने बताया कि 20 वी पदयात्रा चक मनोहरपुर के ठाकुर जी मंदिर से सोमवार को डिजे के साथ रवाना हुई और रास्ते में श्याम प्रेमियों ने जगह जगह अल्पाहार ओर भोजन की व्यवस्था की पदयात्रा श्याम दरबार में बुधवार को पहुंचेगी।

वार्षिकोत्सव शनिवार को

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम हांसियावास स्थित भोमिया जी की बणी में शनिवार को बाबा भोमियां जी महाराज एवं गुरु गोरक्षनाथ का 17 वां वार्षिकोत्सव व विशाल भंडारा आयोजित किया जायेगा। गुर्जर महापंचायत यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष एड. सीताराम गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 10 बजे नेहड़ा पूजन से होगी, जिसके बाद 11 बजे से विशाल भंडारा शुरू होगा।

'शौचालय विहिन विद्यालयों में एक माह में शौचालय तैयार कर शुरू कराए जाएं'

■ जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने ने ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश

अलवर। जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने गुरुवार मिनी सचिवालय सभागार में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक की। बैठक में डीएमएफटी फण्ड, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, एमजेएसए, जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत प्रगतिरत कार्यों को 31 मार्च से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिये गए।

जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला ने निर्देश दिये कि जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत आगामी दो माह में जिले में 25 हजार वर्षा जल संग्रहण स्ट्रक्चर बनाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में वर्षाजल संग्रहण हेतु 100-100 स्ट्रक्चर बनाने के प्रस्ताव तत्काल तैयार कर कार्य शुरू करें।

उन्होंने ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले के 37 शौचालय विहिन बालिका विद्यालयों एवं शौचालय विहिन 65 आंगनबाडियों में एक माह में शौचालय बनाने के साथ उन्हें चालू कराने के निर्देश दिये है। उन्होंने पीएम आवास योजना के तहत विगत दो माह में 500 से अधिक आवास तैयार कर उनमें गृह प्रवेश कराने पर ग्रामीण विकास की टीम की सराहना कर निर्देश दिये कि शेष आवास के कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

अलवर मिनी सचिवालय पर समीक्षा बैठक लेते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला।

उन्होंने समस्त विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर खेल मैदानों पर हो रहे अतिक्रमण को चिन्हित कर 30 जून तक हटवाने की कार्रवाई पूर्ण करें। इसी प्रकार स्वच्छ भारत मिशन में व्यक्तिगत शौचालयों एवं सामुदायिक स्वच्छता कॉम्पलेक्स की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि शेष प्रगतिरत कार्य को 31 मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिये।

उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी उत्थान योजना की गाइडलाइन का अध्ययन कर इसके प्रावधानों के अनुरूप अप्रेल माह तक नए कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाएं। उन्होंने डीएमएफटी योजना के तहत 29 करोड रूपये की राशि से 161 कार्य स्वीकृत किए गए कार्यों की समीक्षा कर निर्देश दिये कि 31 मार्च तक सभी कार्य पूर्ण करा लिए जावे।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, सांसद एवं विधायक निधि कोष, मेवात क्षेत्रीय विकास योजना,एमजेएसए सहित विभाग में संचालित योजनाओं एवं विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा कर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर बैठक में दिए गए दिशा-निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावे।

सार-समाचार

श्रीगंगानगर में डॉ. सतीश पूनियां ने कार्यकर्ताओं से संवाद किया

जयपुर/श्रीगंगानगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अथक मेहनत कर रहे हैं। यह हमारा सौभाग्य है कि हमें बिना थके और बिना रुके काम करने वाला प्रधानसेवक मिला है। यह बातें डॉ. सतीश पूनियां ने अपने हनुमानगढ़- श्रीगंगानगर जिलों के प्रवास के दौरान विभिन्न स्थानों से लेकर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित राजस्थान बनाने के लिये विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सौगात दे रहे हैं और इस ऐतिहासिक अवसर पर हम सब वहां उपस्थित रहकर राष्ट्र एवं प्रदेश की उन्नित के साक्षी बनें। श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय पर दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा में जोडने के लिये प्रतिबद्ध श्री जगदंबा अंध विद्यालय पहुंचकर संस्था संस्थापक परम श्रद्धेय स्वामी ब्रह्मदेव महाराज को पद्मश्री सम्मान मिलने पर सतीश पूनियां ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी, श्रीगंगानगर भाजपा जिला अध्यक्ष शरणपाल सिंह, हनुमानगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रमोद डेलू,बलवीर विश्नोई, श्रीगंगानगर पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह सोढ़ी, आत्माराम तरड, बहादरचंद नारंग, विधायक जयदीप बिहानी, पूर्व सांसद शंकर पन्नू, पूर्व विधायक संतोष बावरी, पूर्व चेयरमैन मनीष कौशल, डॉ. बृजमोहन सहारण, लोकसभा प्रत्याशी प्रियंका बैलान, जिला मीडिया प्रभारी श्रीचंद चौधरी, पूर्व सभापति श्याम धारीवाल,महेश पेडीवाल इत्यादि पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता, गणमान्य लोग व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

सांभर झील में बर्ड फेस्टिवल आज से

सांभर झील में 27 फरवरी को भव्य सांभर बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। देश-दुनिया में अपने विशिष्ट खारे स्वाद और अनूठी वेटलैंड पारिस्थितिकी के लिए प्रसिद्ध सांभर झील एक बार पुन: पक्षी प्रेमियों, विद्यार्थियों, पर्यटकों एवं स्थानीय समुदाय के स्वागत के लिए तैयार है। वन विभाग द्वारा सांभर झील के कोच्या की ढाणी स्थित इंटरप्रिटेशन सेंटर परिसर में आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य झील की समृद्ध जैव विविधता, वेटलैंड पारिस्थितिकी तंत्र तथा यहां प्रतिवर्ष आगमन करने वाले प्रवासी पक्षियों के महत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना है। महोत्सव में तकनीक और परंपरा का विशेष संगम देखने को मिलेगा। नई पीढ़ी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए स्कूली बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के दौरान वन विभाग द्वारा विभिन्न थीम आधारित स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें दूरबीन, कैमरा, स्पॉटिंग स्कोप एवं ड्रोन की सहायता से बर्ड वॉचिंग का अनुभव कराया जाएगा। सांभर क्षेत्र की दुर्लभ पक्षी प्रजातियों एवं उनके जीवन चक्र पर आधारित फोटो प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र रहेगी। झील में नमक उत्पादन की पारंपरिक प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया जाएगा, जिससे आगंतुकों को स्थानीय आजीविका एवं विरासत की जानकारी मिल सके।

सांभर की बेटियों ने पिता के अंतिम संस्कार की रस्म निभाई

सांभरझील। जयपुर ग्रामीण मरुधरा बैंक सांभर में पदस्थापित रहे पूर्व प्रबंधक व कायस्थ समाज के पूर्व सचिव आलोक कुमार जोहरी का गुरुवार को देहरादून में निधन हो गया। पिछले 5-6 दिनों से अचानक उनके स्वास्थ्य में गिरावट आती चली गई और उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया लेकिन तबीयत बिगड़ती चली गई। उन्हें वेंटिलेटर पर भी रखा गया लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बाद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका। देहरादून के एक अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। परिवार से मिली जानकारी के अनुसार वे कुछ समय से अपनी बेटी के पास गए हुए थे। उनकी पार्थिव देह को देहरादून से सांभर लाया गया। उनकी शव यात्रा में बेटी अर्पिता व अर्जिता ने कांधा दिया। बड़ी बेटी ने जैसे ही अपने पिता को मुखाग्नि दी दोनों बेटियां व मौजूद लोग भावुक हो गए अंतिम संस्कार के दौरान कास्ट समाज के अध्यक्ष युगराज माथुर, शोभित सक्सैना, वकील रतनलाल जाट, राहुल वीर गुर्जर, दरबार स्कूल के प्रिंसिपल टीकमचंद मालाकार,अखिलेश माथुर, रूपनारायण शर्मा सहित उनके परिवार के अनेक सदस्यों की मौजूदगी रही।

पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

चौमूं / कालाडेरा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उनके जयपुर स्थित निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने चौमूं विधानसभा क्षेत्र के विकास और बुनियादी ढांचे को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। मुलाकात के दौरान रामलाल शर्मा ने विशेष रूप से चौमूं से दूदू (महला) हाईवे की चौड़ाई बढ़ाने का मुद्दा प्रमुखता से रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि बजट एवं डीपीआर: बजट वर्ष 2024-25 में इस सड़क की डीपीआर तैयार करने हेतु 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की गई थी, जिसका कार्य अब पूर्ण हो चुका है। पूर्व विधायक ने मुख्यमंत्री से निवेदन किया कि यदि तकनीकी कारणों से पूरी सड़क को एक साथ स्वीकृत करना संभव न हो, तो प्रथम चरण में चौमूं से रेनवाल तक के मार्ग के लिए बजट स्वीकृति की घोषणा की जाए। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्र की अन्य मुख्य सड़कों के नवीनीकरण, रिपेयरिंग और चौड़ाई बढ़ाने की भी मांग रखी ताकि आमजन को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।

पुलिस कार्यप्रणाली की जानकारी दी

निवाई। शैक्षिणक गतिविधियों के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान को बढावा देने के उद्देश्य से वंशिका पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिणक भ्रमण के तहत पुलिस थाने का अवलोकन किया। स्कूल के निदेशक विमलेश गौतम के नेतृत्व में आयोजित इस भ्रमण के दौरान लगभग दो दर्जन विद्यार्थियों ने पुलिस की कार्यप्रणाली एवं समाज में पुलिस की भूमिका की जानकारी ली। थानाधिकारी घासीराम मीणा ने विद्यार्थियों को पुलिस थाने की गतिविधियों से अवगत करवाया। छात्र-छात्राओं ने थानाधिकारी कार्यालय, जेलखाने, मालखाना थाने में संचालित मेस का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पुलिस थाने के आधुनिक उपकरणों एवं रिकॉर्ड संधारण की प्रक्रिया की भी उत्साहपूर्वक जानकारी ली। थानाधिकारी मीणा ने छात्र-छात्राओं को उनके विधिक अधिकारों एवं कानून की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि पुलिस आमजन की सुरक्षा एवं सहायता के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं में अनुशासन एवं कानून के प्रति सम्मान की भावना जगाने के लिए यातायात नियमों की पालना करने का आ ान किया। उन्होंने दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने और बिना लाइसेंस वाहन नहीं चलाने की हिदायत दी।

होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित

कोटपूतली। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विष्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र पर गुरूवार को होली के पावन अवसर पर होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन आध्यात्मिक एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये सेवा केंद्र संचालिका राजयोगिनी बीके लक्ष्मी बहन ने होली का आध्यात्मिक महत्व बताते हुये कहा कि होली का सच्चा संदेश हैं कि मनुष्य अपने जीवन से क्रोध, लोभ, अहंकार, ईर्ष्या जैसी बुराईयों को समाप्त कर प्रेम, शांति व सद्गुणों को धारण करें। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक जीवन अपनाने से मनुष्य का जीवन सुखी, सरल और तनावमुक्त बन सकता है। समारोह के दौरान भाई-बहनों के लिये विभिन्न प्रकार के मनोरंजक एवं प्रेरणादायक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में इत्र एवं गुलाब के फूलों से एक-दूसरे को होली की शुभकामनायें देकर स्नेहपूर्ण वातावरण में होली मनाई गई। सेवा केंद्र पर निवासरत बहनों ने भी सभी भाई-बहनों को होली की हार्दिक शुभकामनायें दीं तथा सभी के सुख, शांति एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाई-बहनों की उपस्थिति रही तथा सभी ने कार्यक्रम की सराहना की।

सेवा शिविर शुरू

शाहपुरा। शाहपुरा नगर परिषद स्टाफ ने खाटूश्याम बाबा के दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए त्रिवेणी रोड़ पर सेवा शिविर शुरू कर पदयात्रियों और श्याम भक्तों के लिए जलपान व्यवस्थाएं प्रदान कर रहा है। शिविर में टीम के सदस्यों द्वारा भक्तों को पेयजल, प्रसाद और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

बड़ी संख्या में श्याम भक्तों ने यहां पहुंचकर इन सेवाओं का लाभ उठाया और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यकर्ताओं ने बताया कि खाटू श्याम पदयात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को रास्ते में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसी उद्देश्य से यह सेवा शिविर स्थापित किया गया है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यात्रा अवधि तक भक्तों की सेवा लगातार जारी रहेगी और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इस सेवा कार्य में युवाओं और ग्रामीणों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग किया है। आयोजकों का कहना है कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सहयोग और मानवता का संदेश देते है।

प्रधानमंत्री की अजमेर यात्रा को लेकर बैठक आयोजित

टोंक। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित अजमेर यात्रा, संगठन संरचना सघन पुनरीक्षण एवं पंचायतीराज राज चुनाव एवं वीबी जीरामजी अभियान के संबंध में भाजपा बरवास मंडल की बैठक गुरूवार को खरेडा स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि बैठक का उद्देश्य ऊर्जा, उत्साह और संगठनात्मक एकजुटता से प्रधानमंत्री की सभा को यादगार बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से मंडल के प्रत्येक गाँव से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया तथा संगठन की शक्ति को जनसमर्थन में परिवर्तित करने पर जोर दिया। उन्होंने संगठन विस्तार, कार्यकर्ता समन्वय और बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अजमेर दौरा राजस्थान के लिए गौरव का विषय है, केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाना कार्यकर्ताओं की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में उत्साहपूर्वक शामिल होकर इसे सफल बनाये।

भाजपा बरवास मंडल की बैठक गुरूवार को खरेडा स्थित बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र गुर्जर,शैलेंद्र चौधरी, जिला मंत्री रामकिशन गुर्जर, मंडल अध्यक्ष सुरेश काचरिया सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

गांव के निकट खुले शराब ठेके का विरोध

भरतपुर। रूपवास क्षेत्र के भरतपुर मार्ग स्थित जरैला गांव से सटे दौरदा मार्ग पर कंटेनर में संचालित शराब ठेके का विरोध कर महिलाओं ने शराब ठेके में आग लगा दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार जरैला गांव के निकट दौरदा मार्ग पर एक कंटेनर में शराब का ठेका संचालित था। जिसको लेकर कई बार जरैला गांव की महिलाओं ने इसे बंद करवाने का प्रयास किया। लेकिन असफल रहीं। जिससे इनका विरोध बढ़ता गया। इसी के चलते यह महिलाएं, युवतियां व युवक ठेके का विरोध करने कंटेनर में संचालित शराब ठेके पर पहुंच गए। इस दौरान कंटेनर के अंदर सेल्समैन बनवारी लाल मौजूद था। बनवारीलाल ने बताया कि काफी संख्या में आई महिलाओं ने ठेके का विरोध कर हंगामा किया। साथ ही इसमें आग लगा दी। मैं बड़ी मुश्किल से इसके अंदर से जान बचाकर भागा।

ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति की तैयारियां रखें पूर्ण : कलेक्टर

■ बैठक में जिले में संचालित पेयजल परियोजनाओं की प्रगति, जल सेवा आंकलन, हर घर जल लक्ष्य एवं आगामी ग्रीष्मकालीन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की

कोटपूतली। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की मासिक समीक्षा बैठक गुरुवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित पेयजल परियोजनाओं की प्रगति, जल सेवा आंकलन, हर घर जल लक्ष्य एवं आगामी ग्रीष्मकालीन तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। आगामी ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुये जिला कलक्टर ने खराब ट्यूबवेल, जल टंकियों की लीकेज, पम्पसैट आदि की जांच के लिये सर्वे कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकाल में आमजन को निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिये सभी आवश्यक तैयारियां पूर्व में ही पूर्ण रखी जायें।

कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने स्वच्छता मिशन की बैठक ली।

शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के टैंकरों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने महत्वपूर्ण परियोजनाओं में शेष पाईपलाईन कार्य शीघ्र पूर्ण करने तथा मोटर पम्पों की मरम्मत के प्रस्ताव तत्काल भेजने के निर्देश दिये। ग्रामीण क्षेत्रों में खराब पम्पसैटों को पुन: संचालित करने हेतु ग्राम पंचायत एवं विधायक निधि का उपयोग करने की बात कही।

बैठक में हर घर जल प्रमाण पत्र, राजकीय विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल उपलब्धता, नल जल मित्रों की स्थिति, लंबित परियोजनाओं एवं निविदा प्रक्रिया पर भी विचार-विमर्श किया गया। जिला कलक्टर ने जल सेवा आंकलन में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया कि पीएचईडी विभाग अपने विकास कार्यों एवं विभागीय परियोजनाओं के लिये भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों में संबंधित उपखंड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर शीघ्र फॉलोअप करें, ताकि परियोजनायें समय पर प्रारम्भ हो सकें। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पाईपलाईन बिछाने से क्षितग्रस्त हुई सड़कों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से दुरुस्त कराने के निर्देश दिये।

नगर पालिका मालपुरा ने लगाया डिस्कॉम पर 13 करोड़ का यूडी टैक्स

■ रोड लाइट कनेक्शन काटने के बाद निगम ने थमाया नोटिस

टोंक। जिले के मालपुरा नगर पालिका और बिजली निगम के बीच बकाया राशि को लेकर विवाद सुलझ नहीं पा रहा है। बिजली निगम ने रोड लाइट का 3.53 करोड़ रुपए बकाया बताकर कनेक्शन काट दिया, तो नगर पालिका ने 13 करोड़ रुपए यूडी टैक्स का नोटिस जारी कर दिया।

उच्च अधिकारियों की मध्यस्थता से बिजली आपूर्ति बहाल हुई, लेकिन विवाद जारी है, बिजली निगम के अनुसार नगर पालिका मालपुरा की रोड लाइट का 3 करोड़ 53 लाख 16 हजार 748 रुपए बकाया है। भुगतान नहीं होने पर 7 दिन की मोहलत दी गई थी। जमा नहीं होने पर मंगलवार को कनेक्शन काट दिया गया, कनेक्शन कटने से नाराज नगर पालिका ने उसी दिन बिजली निगम को 13 करोड़ रुपए यूडी टैक्स जमा कराने का नोटिस जारी किया, यह नोटिस नगर पालिका मालपुरा अधिकारी रामजीत चौधरी ने दो दिन में जमा कराने का जारी किया, जमा नहीं कराने या समायोजन नहीं पर नगरपालिका की परिसंपत्तियों को सीज करने की चेतावनी दी।

दोनों विभागों को आमने सामने देखकर उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद बुधवार को रोड लाइट की बिजली आपूर्ति फिर शुरू कर दी गई, हालांकि नगर पालिका आयुक्त का कहना है कि बिजली निगम को पूरा टैक्स जमा कराना होगा।

नगरपालिका मालपुरा अधिशासी अधिकारी रामजीत चौधरी ने बताया कि 2010 से ही बिजली निगम ने यू डी टैक्स जमा नहीं कराया हैं और न ही समायोजन कराया है। अब बिजली निगम इस राशि को जमा नहीं करता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

उधर इस मामले को लेकर बिजली निगम के एस ई कन्हैया लाल पटेल ने कहा कि नगर पालिका मालपुरा और नगर परिषद टोंक रोड लाइट का बिजली बिल जमा नहीं करा रही है।

मालपुरा नगर पालिका पर तीन करोड़ से ज्यादा और टोंक नगर परिषद पर 21 करोड़ 45 लाख बाकी है। इससे उन्हें आर्थिक संकट से गुजरना पड़ रह है, इसके लिए कलेक्टर को भी पत्र लिखा जा चुका है। दोनों नगर निकायों ने यू डी टैक्स बता रही है, वाजिब होगा तो देंगे, लेकिन हमारा बकाया बिल तो जमा कराए या समायोजन करके हमारी बाकी राशि दे।

पावटा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर 75 मीटर नियम के विरोध में आक्रोश रैली निकाली

■ '75 मीटर नियम लागू होने से छोटे एवं मध्यम वर्ग के दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा और हजारों परिवार होंगे प्रभावित'

पावटा। राष्ट्रीय राजमार्ग पर 75 मीटर व 40 मीटर नियम को लागू किए जाने के विरोध में गुरुवार को पावटा कस्बे में व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, प्रभावित दुकानदारों एवं आमजन का आक्रोश खुलकर सामने आया। मुख्य मार्ग से उपखंड कार्यालय तक भारी नारेबाजी के साथ पैदल मार्च निकाला गया और नियम को वापस लिए जाने की मांग को लेकर आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया गया।

बताया गया कि राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर स्थित मुख्यपीठ द्वारा नेशनल रोड कांग्रेस के नियमानुसार प्रदेशभर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर केंद्र बिंदु से 75 मीटर एवं 40 मीटर के दायरे में नियम लागू करने के आदेश दिए गए हैं। इसी निर्णय के विरोध में पावटा कस्बा व्यापार महासंघ के आ ान पर विशाल आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली को संबोधित करते हुए प्रागपुरा के पूर्व सरपंच एलन स्वामी, सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल अग्रवाल, जगदीश मीणा, बंशी गेट, दुलीचंद जांगिड, बद्री प्रसाद चौहान, राहुल गोयल, रामोतार टेपण, मातादीन सहित अन्य वक्ताओं ने निर्णय की कड़ी आलोचना की। वक्ताओं ने इसे अंधा कानून करार देते हुए कहा कि 75 मीटर नियम लागू होने से छोटे एवं मध्यम वर्ग के दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा और हजारों परिवार प्रभावित होंगे।

व्यापारियों, सामाजिक संगठनों,उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

वक्ताओं ने राज्य सरकार से मांग की कि वह इस निर्णय के विरुद्ध विधिक उपचार अपनाए या फिर सुप्रीम कोर्ट से स्थगन आदेश प्राप्त कर प्रभावितों को राहत दिलाए।

उनका कहना था कि यह मसला केवल कोटपूतली-बहरोड़ जिले तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे प्रदेश के लाखों परिवारों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। वर्षों से संचालित प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की आशंका से व्यापार जगत में असुरक्षा और चिंता का माहौल है। व्यापारियों ने इसे जनहित के विपरीत बताते हुए राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की। इस निर्णय से दशकों पुराने व्यापारिक प्रतिष्ठान प्रभावित होंगे और हजारों परिवारों की रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ेगा। आक्रोशित लोग मुख्य बाजार से होते हुए उपखंड कार्यालय पावटा पहुंचे और उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा को मुख्यमंत्री सहित अन्य के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 75 व 40 मीटर नियम से उत्पन्न होने वाली आर्थिक व सामाजिक समस्याओं का विस्तृत उल्लेख किया गया।

कानूनी अधिकारों की जानकारी दी

किशनगढ़ बास। विधिक सेवा प्राधिकरण जिला अध्यक्ष एवं जिला सेशन न्यायाधीश शैलेंद्र व्यास के आदेशानुसार सचिव रनवीर सिंह के निर्देशानुसार पीएलवी सूरजभान कछवाहा व गुलाब शर्मा नें जिले की एक सेक्स वर्कर कॉलोनी में विधिक जागरूकता शिविर लगाकर नशीली दवाओं व मादक पदार्थों के दुरुपयोग व सेक्स वर्कर्स को उनके कानूनी अधिकारों के साथ साथ सरकारी योजनाओं और सहायता सेवाओं के बारे में जागरूक किया।

पीएलवी सूरजभान कछवाहा व गुलाब शर्मा नें सेक्स वर्कर्स को जागरूकता शिविर में नशीली दवाओं व मादक पदार्थों के दुरुपयोग व उनके कानूनी अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सहायता सेवाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि नशीली दवाओं का दुरुपयोग आज के समय की एक गम्भीर सामाजिक समस्या है। युवा वर्ग विशेष रूप से इसके प्रभाव में आ रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, और भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

क्षतिग्रस्त सड़कों के लिए 1400 करोड़ का प्रावधान

जयपुर (विसं)। उप मुख्यमंत्री एवं सार्वजनिक निर्माण मंत्री दिया कुमारी ने विधानसभा में घोषणा की कि प्रदेश में नॉन-पेचेबल और क्षतिग्रस्त सड़कों के नवीनीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए वर्ष 2026-27 के बजट में 1400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

प्रश्नकाल के दौरान विधायक राजेंद्र गुर्जर द्वारा पूछे गए पूरक प्रश्नों के उत्तर में मंत्री ने बताया कि देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र में 6 सड़कों के नवीनीकरण और 15 पुलियाओं की मरम्मत के लिए 17.15 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की गई है। इनमें से 2 सड़क कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 4 कार्य प्रगति पर हैं। वर्षा और अन्य कारणों से क्षितग्रस्त सड़कों का भी प्राथमिकता के आधार पर नवीनीकरण प्रस्तावित है।मंत्री ने लिखित जवाब में बताया कि देवली-उनियारा क्षेत्र में कुल 52 पुलियाएं क्षतिग्रस्त हुई थीं, जिनमें से 15 कार्य स्वीकृत किए गए।

इनमें 1 कार्य पूर्ण, 12 प्रगतिरत हैं। शेष 2 कार्यों स्टेट हाईवे-29 से अनवार नगर तथा गुराई से जेल रोड में से एक कार्य को निरस्त कर राशि को दूसरे कार्य में समायोजित करने की अनुशंसा की गई है।

नाम परिवर्तन

मैं रीना मिगलानी, पत्नी श्री राजीव मिगलानी, निवासी 303ए, गुरूनानकपुरा, राजापार्क, आदर्श नगर जयपुर (राज.) शपथ पूर्वक बयान करती हूँ कि पूर्व में मेरा नाम रीना सुखीजा था विवाह उपरान्त मैंने मेरा नाम रीना सुखीजा की स्थान पर रीमा मिगलानी परिवर्तित कर लिया है। भविष्य में मुझे रीना मिगलानी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

मैं मनीष कुमार पुत्र करतार सिंह निवासी किशनगढबास वार्ड नंबर 3 जिला खैरथल तिजारा मैंने अपना नाम मनीष कुमार से बदलकर मनीष धांधी पुत्र करतार सिंह रख लिया है भविष्य में मुझे मनीष धांधी के नाम से जाना जाएं।

Army No. 15678381H हवलदार बिनय कुमार पता ग्राम मुगरिहा पोस्ट बेल्हूपुर जिला औरैया, उत्तर प्रदेश। मेरी पत्नी सुशीला देवी का नाम त्रुटिव SUSHILA YADAV हो गया है कि कानूनी तौर पर गलत है। आधार कार्ड के अनुसार सभी प्रयोजनों के लिए सुशीला यादव SUSHILA YADAV के स्थान पर सही नाम सुशीला देवी SUSHEELA DEVI घोषित करें।

मैंने अपना नाम सुनील कुमार मीणा से बदलकर सुनील निठार पुत्र श्री जगमोहन लाल कर लिया है। भविष्य में मुझे सुनील निठार नाम से जाना पहचाना जावें। पता 263 निठार निठार भुसावर भरतपुर, राजस्थान-321409

It is for general information that I Ajay S/o Ratan Singh R/o Deolen PO Devlane Dist. Karauli Rajasthan 322254, declare that name of mine has been wrongly written as Mahendra Singh in my PAN Card No. JQZP55399C. The actual name of mine as Ajay respectively. Which may be amended accordingly.

I have changed my Name from Trilok Chand Gupta to Trilok Chand for all future purposes. Trilok Chand s/o Shree Sitaram Gupta R/o 47, near Government School. Village Nangal Susavtan. Tehsil Amer, Jaipur-302028

आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य हरी सिंह पुत्र स्व. श्री प्रभु सिंह, निवासी प्लॉट नं. 125 घनश्याम विहार, बजरी मंडी रोड, पांच्यावाला जयपुर (राज.) के निवासी है मेरे अभिभाष्य का पुत्र अजीत सिंह व उसकी पत्नी गुड्डी देवी पत्नी अजीत सिंह उनके कहने सुनने में नहीं है मेरा अभिभाष्य अपने परिवार के साथ अलग रहता है। मेरे अभिभाष्य की चल-अचल सम्पत्ति में इनका या इनके वारिसान का कोई हक अधिकार नहीं होगा। मेरे अभिभाष्य का इनसे कोई भी व्यापारिक व सामाजिक व्यवहार नहीं है इसलिये मेरे अभिभाष्य की चल अचल सम्पत्ति व व्यापार से इनका किसी भी प्रकार से कोई भी लेना देना नहीं है ना ही भविष्य में होगा। जो कोई भी इनके साथ संव्यवहार करेगा वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। मेरे अभिभाष्य की इसमें किसी भी प्रकार की कोई भी जिम्मेदारी नहीं रहेगी।
दिनांक-26.02.2026 (अरविन्द बालौत) एडवोकेट मो.नं. 9928720001

आम सूचना सर्वसाधारण को मेरे अभिभाष्यगण श्री फरीद खान पुत्र श्री अब्दुल हलीम एवं श्रीमती नैमु निशा पत्नी श्री फरीद खान निवासीयान 107, नारायणपुरी, झोटवाडा, जयपुर (राज.) की ओर से सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्यगण का पुत्र अब्दुल मन्नान गलत संगत में पड गया है एवं नशा करता है एवं मेरे अभिभाष्यगण के कहने में नहीं है, मनमर्जी करता है जिस कारण मेरे अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र अब्दुल मन्नान को सभी प्रकार के सामाजिक, आर्थिक सम्बन्ध समाप्त कर उसको अपनी जाति जिन्दगी, जायदाद एवं समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यदि कोई व्यक्ति मेरे अभिभाष्यगण के पुत्र अब्दुल मन्नान से किसी प्रकार का कोई लेनदेन, व्यापार, संव्यवहार आदि करता है तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी, मेरे अभिभाष्यगण की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सूचित रहे।
(हाकम अली) एडवोकेट, मो.नं. 8559933499

कार्यालय नगर निगम जयपुर
(पंडित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड जयपुर-16) (राजस्व-द्वितीय प्रकोष्ठ)
क्रमांक : एफ-6 ( ) उपा.राजस्व-द्वितीय/ला.प्र./नगनि/2026/801 दिनांक : 25.02.2026

सार्वजनिक सूचना मूल भूखण्ड संख्या सी-95, अर्जुन लाल सेठी योजना, जयपुर का नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा श्री श्याम बिहारी पुत्र श्री बद्रीनारायण के नाम से क्षेत्रफल 260.41 वर्गगज का आवंटन एवं पट्टा जारी किया गया। तत्पश्चात् नगर विकास न्यास, जयपुर द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर उक्त भूखण्ड का श्री सन्तोष जूनीवाल के नाम से नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किया गया। डॉ. सन्तोष चन्द्र जूनीवाल की मृत्यु उपरान्त आवेदक द्वारा प्रस्तुत नोटरी प्रमाणित वसीयतनामा, मृत्यु प्रमाण पत्र, निर्धारित अण्डरटेकिंग, वसीयत बाबत् अण्डरटेकिंग एवं अन्य दस्तावेजों के आधार पर नगर निगम जयपुर द्वारा श्री संजय जूनीवाल पुत्र स्व. श्री सन्तोष चन्द्र जूनीवाल के पक्ष में उक्त भूखण्ड क्षेत्रफल 260.41 वर्गगज का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी किया जाना है। इस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करे, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद, नियमानुसार नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी। (अशोक कुमार शर्मा) R.A.S. उपायुक्त (राजस्व-द्वितीय) नगर निगम जयपुर

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

हड़ताल के तीसरे दिन उग्र हुआ बस ऑपरेटरों का आक्रोश

दौसा के महुआ में प्रदर्शनकारियों ने बस ड्राईवर को नीचे उतारकर जूतों की माला पहनाई, तो बीकानेर में परीक्षा केन्द्र नहीं पहुंचने पर छात्राओं के आंसू छलके

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। राजस्थान में निजी बस ऑपरेटरों की हड़ताल गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रही। सरकार की ओर से वार्ता की कोई पहल नहीं होने के कारण बस ऑपरेटरों का धैर्य जवाब दे रहा है और अब यह आंदोलन शांतिपूर्ण से उग्र रूप अख्तियार करने लगा है। राजधानी जयपुर सहित प्रदेशभर में करीब 35 हजार बसों के पहिए थमे रहने से आम जनता, परीक्षार्थी और फाल्गुन मेले में जा रहे श्रद्धालु बेहाल है।

वहीं जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर गुरुवार को प्रदर्शन का हिंसक चेहरा सामने आया। हड़ताली ऑपरेटर्स ने जबरन निजी बसें रुकवाई और नियमों की अवहेलना कर बस चलाने वाले चालक-परिचालकों के साथ धक्का-मुक्की की। दौसा के महुआ में प्रदर्शनकारियों ने एक बस कंडक्टर को जबरन नीचे उतारकर जूतों की माला पहना दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

अलवर में भी ऑपरेटरों ने सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

राजधानी जयपुर में निजी बस ऑपरेटर्स ने गुरूवार को नारेबाजी कर विरोध जताया।

इधर खाटू श्याम जी का लक्खी फाल्गुन मेला चल रहा है, जहां लाखों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। बसों की अनुपलब्धता के कारण श्रद्धालुओं को भारी असुविधा हो रही है। दूसरी ओर, होली का पर्व नजदीक होने के कारण घर जाने वाले प्रवासी श्रमिक और यात्री बस अड्डों पर फंसे हुए हैं। बीकानेर के नापासर में हृदयविदारक स्थिति दिखी, जहां परीक्षा केंद्र जाने के लिए साधन न मिलने पर छात्राएं सड़क पर ही फूट-फूटकर रोने लगीं।

ऑल राजस्थान कांटेक्ट कैरिज बस ऑपरेटर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष मदन यादव का कहना है कि वे संवाद के पक्षधर हैं, लेकिन सरकार की चुप्पी ने असंतोष पैदा कर दिया है।

■ सरकार की चुप्पी से लगातार बढ़ रहा है गतिरोध, 35 हजार बसों के पहिए थमने से प्रदेश में हाहाकार

एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण साहू ने चेतावनी दी है कि जब तक मांगें नहीं मानी जातीं,हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि इस हड़ताल से न केवल जनता परेशान है, बल्कि सरकार को भी टोल और डीजल वैट के रूप में करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

बस संगठनों का आरोप है कि सरकार वार्ता के बजाय प्रशासनिक दबाव से आंदोलन को कुचलना चाहती है। ऑपरेटरों के अनुसार यह व्यवसाय हजारों परिवारों का आधार है, जिन पर अब संकट मंडरा रहा है।

सदन के गतिरोध पर कांग्रेस की रणनीतिक बैठक आज

जयपुर (विसं)। कांग्रेस विधायक दल की महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार सुबह आयोजित की जाएगी। यह बैठक सुबह 10:15 बजे की विपक्ष लॉबी में होगी। बैठक की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली करेंगे। सदन में हाल ही में उपजे गतिरोध और लगातार हो रहे हंगामे को देखते हुए इस बैठक को बेहद अहम माना जा रहा है। कांग्रेस विधायक दल सरकार की कार्यशैली, सदन में विपक्ष को बोलने का अवसर न मिलने और विभिन्न जनहित मुद्दों पर चर्चा नहीं होने जैसे विषयों पर अपनी रणनीति तय करेगा। सूत्रों के अनुसार, बैठक में यह भी विचार किया जाएगा कि आगामी कार्यवाही के दौरान कांग्रेस किस तरह सरकार को घेरने की रणनीति अपनाए। विपक्ष राज्य में कानून-व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी और किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व ने सभी विधायकों को समय पर उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि एकजुटता का संदेश दिया जा सके। बैठक में सदन के भीतर और बाहर आंदोलन की संभावनाओं पर भी चर्चा हो सकती है।

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन

(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय श्रीमान उपखण्ड अधिकारी महोदय पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड (राजस्थान)
लोकमान्य तिलक जनकल्याण शिक्षण संस्थान बनाम ओमसिंह व अन्य
वाद बाबत तकास्मा एवं स्थाई निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा 53 व 188 राजस्थान टीनेन्सी एक्ट
वाद संख्या 229/2025

बनाम-ओमसिंह पुत्र मंगेज सिंह, कमोद कंवर पुत्री मंगजे सिंह, अंतर कंवर पुत्री पुत्री मंगेज सिंह, अनिता कंवर पुत्री रामलाल सिंह, आनन्द कंवर पुत्री ओनाड सिंह, उम्मेद कंवर पुत्री करण सिंह, ओम कंवर पत्नी हजारीसिंह, धीरसिंह, दिलीप सिंह पुत्रान ओनाड सिंह, केमिता कंवर पुत्री ओनाड सिंह, कानसिंह पुत्र मंगेज सिंह, कौशल्या कंवर पुत्री करण सिंह, गजेन्द्र सिंह पुत्र जय सिंह, गीता कंवर पुत्री रामलाल सिंह, गोपाल सिंह पुत्र जयसिंह, ज्ञानकंवर पुत्री रामलाल सिंह, नरेन्द्र सिंह पुत्र जयसिंह, नारायण सिंह पुत्र सांगसिंह, निर्मला पत्नी राजेन्द्र सिंह, निशान्त सिंह पुत्र प्रताप सिंह, पृथ्वी सिंह पुत्र सांगसिंह, प्रतिभा पुत्री प्रताप सिंह, पानकंवर पुत्री रामलाल सिंह, बलवीर सिंह पुत्र हजारी सिंह, बाबूसिंह पुत्र करण सिंह, बीना पुत्री हजारी सिंह, मंजू पुत्री रोहिताश सिंह, महिपाल सिंह पुत्र हजारी सिंह, रूकमण कंवर पुत्री मंगजे सिंह, रेखा कंवर पुत्री करण सिंह, रघुवीर सिंह पुत्र रामलाल सिंह, रूपसिंह पुत्र सांगसिंह, रतनसिंह पुत्र रामसिंह, अंजू कंवर, सूरज कंवर पुत्रीयान रामसिंह, राजकुमार सिंह पुत्र हजारी सिंह, ललिता कंवर पुत्री ओनाड सिंह, लक्ष्मण सिंह पुत्र करण सिंह लेखराज सिंह पुत्र करण सिंह, विरेन्द्र सिंह पुत्र रोहिताश सिंह, शांति कंवर पत्नी रामलाल सिंह, शोभाग कंवर पत्नी प्रताप सिंह, सदा कंवर पुत्री मंगेज सिंह, सुनिता कंवर पुत्री रामलाल सिंह, संतोष सिंह पुत्र करण सिंह, संजू कंवर पुत्री रोहिताश सिंह, सुमन कंवर पुत्री नओनाड सिंह, सरमेश कंवर पुत्री ओनाड सिंह, सायर कंवर पुत्री रामलाल सिंह, हनुमान सिंह पुत्र करण सिंह, हरिसिंह पुत्र रामलाल सिंह, महेन्द्र सिंह पुत्र जय सिंह, संतोष कंवर पुत्री जयसिंह समस्त जाति राजपूत, समस्त निवासी ढाणी कीरतपुरा ग्राम पाथरेडी, तहसील पावटा जिला कोटपूतली बहरोड राजस्थान ममता देवी पत्नी मनोज यादव जाति अहीर निवासी पाथरेडी तहसील पावटा जिला कोटपूतली-बहरोड राज. आपके विरूद्ध उपरोक्त के लिए वाद पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 09.03.2026 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 26.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
उपखण्ड अधिकारी, ग्राम पावटा (कोटपूतली-बहरोड)

विधानसभा में गूंजा निजी बसों की हड़ताल का मुद्दा

-विधानसभा संवाददाता-

जयपुर। प्रदेश में बीते 3 दिन से चल रही प्राइवेट बसों की हड़ताल का मामला गुरूवार को विधानसभा में गूंजा। कांग्रेस विधायक शिखा मील बराला और निर्दलीय चंद्रभान सिंह आक्या ने शून्यकाल में सरकार से आग्रह किया कि हड़ताल तत्काल खत्म करवाई जाए। चंद्रभान सिंह आक्या ने कहा कि हड़ताल के कारण यात्री, विशेषकर खाटू श्यामजी जाने वाले लोग परेशान हैं। सामान्य दिनों में 35 हजार प्राइवेट बसें चलती हैं, लेकिन फिलहाल केवल 33 प्रतिशत ही बसें ही चल रही हैं। आक्या ने यह भी कहा कि छोटी गाड़ियों पर अवैध तरीके से चालान लगाया जा रहा है, जिससे आम लोग शोषित हो रहे हैं।कांग्रेस विधायक शिखा मील बराला ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हड़ताल से रोजगार प्रभावित हुआ है। करीब 35 हजार बसों की हड़ताल के कारण 3.50 लाख से अधिक लोग बेरोजगार हो गए हैं। होली का त्यौहार आने वाला है और मजदूर अपने घर नहीं जा पा रहे, मरीज अस्पताल तक नहीं पहुंच पा रहे।

बराला ने खाटूश्यामजी मेले में दूसरे राज्यों से आए हजारों लोगों की परेशानी का हवाला देते हुए कहा कि टैक्सी वाले भी 70 किलोमीटर के लिए 7000 रुपए ले रहे हैं। उन्होंने सरकार की निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए कहा कि आम जनता पर जो बोझ है वह सरकार की अकर्मण्यता का परिणाम है।

विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री की रैली के लिए बस ऑपरेटर्स से चुपचाप संपर्क किया जा रहा है, लेकिन वास्तविक वार्ता नहीं हो रही। पहले 23 मांगें थीं, फिर 14 और अब 9 मांगों पर वार्ता हो रही है। बराला ने कहा कि हड़ताल के मुद्दे का समाधान बातचीत के जरिए किया जाना चाहिए और प्राइवेट बस ऑपरेटर्स की मांगों में "वन इंडिया वन टैक्स" शामिल है। उन्होंने पूछा कि अगर सरकार "वन नेशन, वन इलेक्शन" और "वन नेशन, वन आधार" जैसी नीतियों की बात कर सकती है, तो आम लोगों को अधिकार देने की बात क्यों नहीं कर सकती।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बदल रहा औद्योगिक परिदृश्य

■ राज्य सरकार जल्द ही औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 लाएगी

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश को निवेश एवं उद्योग में अग्रणी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की मंशा है कि प्रदेश में उद्योगों के लिए बेहतर आधारभूत संरचनाएं, विश्व स्तरीय औद्योगिक पार्कों का विकास, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सहित विभिन्न नवाचारों से राजस्थान को देश में उद्योग का प्रमुख डेस्टिनेशन बनाया जाए। इसी क्रम में सरकार द्वारा औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति-2026 लाई जाएगी। इस नीति का मंत्रिमंडल द्वारा हाल ही में अनुमोदन किया गया है। इस नीति से राज्य में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी। साथ ही, इससे निवेश को प्रोत्साहन, रोजगार सृजन तथा सभी क्षेत्रों का संतुलित विकास भी सुनिश्चित होगा।

इस नीति के तहत निजी क्षेत्रों में औद्योगिक पार्कों के विकास के लिए चार विकास मॉडल निर्धारित किए गए हैं। मॉडल-ए के तहत पूर्णत: रीको द्वारा आवंटित भूमि पर विकास किया जाएगा। वहीं, मॉडल-बी के अंतर्गत औद्योगिक पार्क के लिए 80 प्रतिशत भूमि विकासकर्ता द्वारा अधिग्रहण की जाएगी एवं शेष 20 प्रतिशत भूमि रीको द्वारा निर्धारित दरों पर उपलब्ध होगी। इसी तरह, मॉडल-सी के तहत पार्क के लिए संपूर्ण भूमि की विकासकर्ता द्वारा व्यवस्था की जाएगी तथा मॉडल-डी पीपीपी मॉडल पर आधारित होगा।

नीति के तहत निजी क्षेत्र में औद्योगिक पार्कों के लिए कम से कम 50 एकड़ क्षेत्रफल तथा न्यूनतम 10 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना अनिवार्य होगी। इस नीति के अंतर्गत प्रथम 10 औद्योगिक पार्क डवलपर्स को सामान्य अवसंरचना विकास पर 20 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान दिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 100 एकड़ तक के पार्क हेतु 20 करोड़ रुपए, 100 से 250 एकड़ हेतु 30 करोड़ तथा 250 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल हेतु 40 करोड़ रुपए होगी। इस नीति के तहत हरित विकास को बढ़ावा तथा औद्योगिक प्रदूषण को भी कम किया जाएगा, इस हेतु सीईटीपी पर व्यय का 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति (अधिकतम 12.5 करोड़ रुपए प्रति पार्क) का प्रावधान किया गया है।

'पारंपरिक उपचार पद्धितयाँ सिर्फ आस्था नहीं, भविष्य की उम्मीद'

हरिद्वार (कासं)। पतंजलि अनुसन्धान संस्थान और पतंजलि विश्विद्यालय की ओर से गुरूवार को 2 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन "प्लांट्स टू पेशेंट्स सीरीज 4-एथनोफॉर्माकोलॉजी बियोंड टाइम्स" पूर्ण हुआ। सम्मेलन से विश्व को संदेश दिया गया कि, पारंपरिक उपचार पद्धितयाँ केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि वैज्ञानिक परीक्षण और प्रमाण के माध्यम से भविष्य की वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था का सशक्त आधार बन सकती है।

इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पेरूजिया विश्वविद्यालय, इटली और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलोजी के प्रेजिडेंट, प्रोफेसर डोमेनिको विटोरियो डेलफिनो, कोट दअज़ूर विश्वविद्यालय, फ्रांस से प्रोफेसर लुई-फेलिक्स नॉटियस, ग्राज विश्विद्यालय, आस्ट्रिया से प्रोफेसर रुडोल्फ बाउर, नीदरलैंड्स से एल्सेवियर प्रकाशन की सीनियर पब्लिशर, प्रोफेसर ऐन मैरी शोनी-पोरडॉन, माए फ़ा लुआंग विश्विद्यालय, थाईलैंड से प्रोफेसर तिडारैट डुआंग्योट, सोसाइटी फॉर एथनोफार्माकोलोजी के संस्थापक पुलक के. मुखर्जी, एम्स, कल्याणी से प्रोफेसर वाई. के. गुप्ता, एम्स, ऋषिकेश की प्रोफेसर मीनू सिंह और उनके साथ प्रोफेसर पुनीत धामिजा, , नई दिल्ली से प्रोफेसर (मेजर) एम. डी. रे, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल मुंबई से प्रोफेसर विक्रम गोटा, एवं प्रोफेसर संजय जाचक शरीक हुए।

इन वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और चिकित्सा विशेषज्ञों ने आयुर्वेद, आधुनिक विज्ञान और चिकित्सा के समन्वय पर मंथन किया।

स्वामी रामदेव ने कहा कि शोध और वैज्ञानिक प्रमाणों पर आधारित चिकित्सा विज्ञान और वैदिक सनातन ज्ञान का संगम ही भविष्य की चिकित्सा पद्धित की दिशा सुनिश्चित कर सकता है। हजारों वर्षों से संरक्षित भारतीय चिकित्सा ज्ञान को वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ प्रस्तुत करना समय की आवश्यकता है और पतंजलि एक वैश्विक केंद्र के रूप में प्रमाण-आधारित भारतीय चिकित्सा को विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि विश्वभर में आयुर्वेद और सिद्ध चिकित्सा पद्धित के साथ ही यूनानी, मिस्त्र, ग्रीक, तिब्बती, चीनी, जापानी, कोरियाई चिकित्सा पद्धित विद्यमान है, आवश्यकता है इन चिकित्सा पद्धितयों को शोध और साइंटिफिक वैलिडेशन के साथ विश्व के समक्ष प्रस्तुत करने की, जिससे एक होलिस्टिक और प्रिवेंटिव हेल्थ केयर मॉडल और ग्लोबल हेल्थ का एक सशक्त माध्यम बन सके जिससे जनमानस को रोगों के लिए एक सुगम, सुरक्षित, सुलभ समाधान मिले।

पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि जब प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर परखा जाता है, तब वह और अधिक सशक्त होकर उभरता है। पतंजलि के प्रयास इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं, जो आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर वैज्ञानिक प्रतिष्ठा दिलाने की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं। यह सम्मेलन केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं, अपितु भविष्य की स्वास्थ्य क्रांति का प्रारंभिक उद्घोष है, जहां 'प्लांट्स टू पेशेंट्स' की अवधारणा वास्तव में साकार हो रही है।

COLLEGE OF AGRICULTURE
(S.K.N. Agriculture University-Jobner)
Bhusawar – Bharatpur (Rajasthan)-321406
No. :- F.( )/Accts./Dean-COAB/2026/979-82 Date :- 18/02/2026

NOTICE INVITING BID

Bid for open e-tender regarding Solar System Hybrid 40KW are invited from interested bidders up to 05.00 AM, 27.02.2026 and Bid opening date 28.02.2026 at 11.00 AM and other particulars of the bid may be visited on the procurement portal **http://sppp.raj.nic.in** & **http://eproc.rajasthan.gov.in** of the state; **www.sknau.ac.in** University website. **UBN is SKN2526GLOB00474**
Raj.Samwad/C/25/21347 DEAN

कार्यालय नगर पालिका दूदू, जिला जयपुर
क्रमांक-न.पा.दु./2025-26/1137 दिनांक-26.02.2026

लोक सूचना

श्री श्योजीराम वर्मा पुत्र रामदेव रैगर, जाति रैगर, निवासी रैगर मौहल्ला दतोब टोडारसिंह टोंक, राजस्थान 304502 ने नगर पालिका दूदू में निचे उल्लिखित भूमि का कृषि भूमि से अकृषि प्रयोजन (आवासीय) हेतु पत्रावली दर्ज कराई है जिसके अनुसार विवरण निम्न प्रकार है।

तहसील दूदू, जिला	ग्राम बिजोलाव, पटवार	खसरा नम्बर 145	रकबा 1.0300 हैक्टेयर
जयपुर (राज.)	हल्का बिजोलाव	146, 147	(10300 वर्गमीटर)

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि 90-क के प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के अन्दर मयाद दस्तावेजों सहित लिखित में आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद मयाद गुजरने आपत्ति मान्य नहीं होगी।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 26.02.2026 को जारी की गयी।
अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका दूदू जिला जयपुर

कार्यालय नगर निगम जयपुर
(पण्डित दीनदयाल उपाध्याय भवन, लालकोठी, टोंक रोड, जयपुर-15)
क्रमांक :- जसअ/2025/519 दिनांक: 24.02.2026

ई-निविदा सूचना सं. अधि0 अभि0 (मु0) 124 से 125/2025-26

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम के पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (मु0) से सम्बन्धित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण नगर निगम जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org.com, eproc.rajasthan.gov.in एवं State Public Procurement Portal Government of Rajasthan की वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in के UBN No:- JMC2526GSOB02891 एवं JMC2526GSOB02892 पर देखी जा सकती है।
अधिशाषी अभियन्ता (मु0)
राज.संवाद/सी/25/21425 नगर निगम जयपुर

कार्यालय चुनाव अधिकारी-केंद्रीय कार्यसमिति चुनाव वर्ष 2025-26
डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान,
अस्थाई कार्यालय: 5-चंदन बाड़ी,भू-तल, खन्ना टावर, गिरधर मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर -302017

चुनाव अधिसूचना/कार्यक्रम

डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान, 13-14, झालाना डूंगरी, जयपुर पंजीयन क्रमांक 290/80-81 के अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव एवं कोषाध्यक्ष (प्रत्येक एक पद) के चुनाव वर्ष 2025-26 सोसायटी संविधान अनुसार करवाने हेतु पूर्व में दिनांक 15.11.2025, 13.12.2025 एवं 06.01.2026 को जारी चुनाव कार्यक्रम/अधिसूचना को अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए विस्तृत चुनाव अधिसूचना/कार्यक्रम पत्र क्रमांक EO/SOCIETY/2026/07 एवं 08 दिनांक 07.02.2026 को जारी की गई थी, जो सोसायटी की अधिकृत वेबसाइट www.https://dramdkrsociety.com/index.php?page=news पर उपलब्ध है | चुनाव हेतु अस्थाई मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 27.02.2026, अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन दिनांक 15.04.2026 एवं मतदान दिनांक 10.05.2026 को चुनाव अधिसूचना अनुसार होगा | इस चुनाव से सम्बन्धित अन्य जानकारियां भी समय - समय पर वेबसाइट www.dramdkrsociety.com पर उपलब्ध करवा दी जाएंगी | चुनाव में प्रयोग ली जाने वाली अस्थाई/अन्तिम मतदाता सूची वेबसाइट www.dramdkrsociety.com पर उपलब्ध रहेगी | कोई भी मतदाता अपनी जानकारी अपना पंजीकृत मोबाइल नंबर दर्ज कर देख सकता है | मतदाता का मोबाइल नंबर यदि पहले से दर्ज नहीं है अथवा मतदाता के नाम, पता एवं मोबाइल नंबर आदि की सूचना में किसी प्रकार का बदलाव चाहता है तो संबंधित प्रार्थना-पत्र मय सरकार द्वारा जारी किसी भी पहचान-पत्र की प्रति के साथ ईमेल dramdkr.election202526@gmail.com कर सकता है या व्यक्तिश/डाक द्वारा उपरोक्त पत्ते पर निर्धारित तिथि तक प्रस्तुत कर सकता है|
दिनांक : 26.02.2026 (मंगल मोरवाल) चुनाव अधिकारी, 9166078989

प्रपत्र संख्या 7 देखिए नियम 21
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2) के अधीन नोटिस कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग,जयपुर
समस्त संबंधित व्यकितयों को
मुकदमा नम्बर DEV/Jaipur-I/Trust/2026/1530
चूंकि प्रार्थी श्री PANKAJ KUMAR PAREEK,WARD NO- 22 MORIJA, THE CHOMU, JAIPUR-303805 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास राजबह्म कार्मिक समूह समिति, Opposite Government School, Kheda Mahapura, Murlipura, Jaipur-302039 के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है। अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है। मैं हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 18-02-2026 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइंदा तारीख पेशी 24/04/2026
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर प्रथम

हेतुक दर्शित करने के लिए सूचना
राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के अध्याय-5 में किराए के पुनरीक्षण एवं बेदखली बाबत प्रार्थना-पत्र
न्यायालयः किराया अधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय
राकेश रावत विरूद्ध पवन खूंटेटा
अर्जी संख्या - 32/2024
नाम-पवन खूंटेटा पुत्र स्व. श्री दामोदर लाल खूंटा जाति... पता निवासी मकान नम्बर-19 शिव रेजीडेन्सी, लक्ष्मण रेखा विस्तार, अम्बे होस्पिटल के पास, निवारू रोड, जयपुर
प्रार्थी ने आपके विरुद्ध किराये के पुनरीक्षण/बेदखली के लिए राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत एक अर्जी प्रस्तुत की है जो पंजीयन कर ली गई है। आपको इस न्यायालय में तारीख 05 माह 02 सन् 26 को 10.30 ए.एम. बजे उक्त अर्जी का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए चेतावनी दी जाती है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसको सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस अर्जी से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ कोई ऐसा व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सकें।
आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उक्त दिन या इससे पूर्व 30/45 दिन के भीतर अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य नोटिस की तामील होने की तारीख से दाखिल करें और उक्त तारीख पर या तामील होने के 30/45 दिन के भीतर ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/मुजराई को दावा या प्रतिदावा आधारित है। साथ ही यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में न हो, अपनी प्रतिरक्षा, मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हो, आप ऐसे दस्तावेज उल्लेखित समय के मय उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप अपने प्रतिरक्षा के और जवाब के साथ उन सभी साक्षीगण के एवं स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत करें जो आपकी प्रतिरक्षा का समर्थन करते हैं तथा उन दस्तावेजों का और उस साक्ष्य का ब्यौरेवार वर्णन शपथ पत्र में किया जावें। साथ ही जिन दस्तावेजों को न्यायालय में प्रदर्शित कराना हो उन पर लाल स्याही से प्रदर्श डालकर प्रस्तुत करें और शपथ पत्र पर ए से बी, सी से डी हस्ताक्षर इत्यादि या लिखावट आदि जिसको भी प्रमाणित कराना है, का उल्लेख भी किया जावें।
आपको पुनः आगाह किया जाता है कि उक्त नोटिस की तामील होने के 30/45 दिन के भीतर आप अपना प्रतिरक्षा उपरोक्त प्रवास में न्यायालय में अंकित करें या उक्त तारीख पेशी पर प्रस्तुत कर दें। अन्यथा आपकी प्रतिरक्षा राजस्थान किराया नियंत्रण अधिनियम 2001 के तहत समाप्त हो जायेगी।
आपको यह भी आगाह किया जाता है कि तारीख पेशी से पूर्व यदि आप द्वारा प्रतिरक्षा हेतु जवाब अर्जी शपथ पत्र तथा अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किए जाते है तो न्यायालय में प्रस्तुत करने से पूर्व प्रार्थी के अधिवक्ता श्री....को उक्त प्रतिरक्षा की और जवाब दावा शपथ पत्रों की, दस्तावेजो व अन्य साक्ष्यों की प्रति उपलब्ध करा दें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।
नोटिस आज दिनांक 22.10.21 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया है।
मोहर अदालत
आज्ञा से-किराया अधिकरण जयपुर महानगर द्वितीय

राजस्थान राजपत्र विशेषांक साधिकार प्रकाशित
RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary Published by Authority
फाल्गुन 04, सोमवार, शाके 1947– फरवरी 23, 2026
Phalguna 04, Monday, Saka 1947- February 23, 2026

भाग–1(ख)
महत्त्वपूर्ण सरकारी आज्ञाएँ
जल संसाधन विभाग
अधिसूचना
जयपुर, फरवरी 11, 2026

संख्या:22/भू.अ./ज.स./2023/202–206:– चूंकि राज्य सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य व्यय पर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ रामगढ एंव महलपुर बैराज और नवनेरा–गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक परियोजना (एन.जी.बी. लिंक पैकेज।।।) के अन्तर्गत गलवा पंप हाऊस एंव गलवा बांध से बीसलपुर बांध (RD 9.6 K.M. to 40.6 K.M.) तक फीडर निर्माण में आने वाली भूमि को अवाप्त किया जाना आवश्यक है।

यह अधिसूचना जारी कर भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा–4(1) एवं राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का नियम, 2016 के प्रावधानों के अनुसरण में संलग्न सूची अनुसार प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन हेतु सम्बन्धित ग्राम पंचायत, नगरपालिका या नगर निगम से सम्पर्क करने एवं राजस्थान भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का नियम, 2016 के नियम 6(8) की पालना सुनिश्चित करने हेतु महाप्रबन्धक, आर.डब्ल्यू.जी.सी.एल., पी.आई.यू. टोंक प्रथम को अधिकृत किया जाता है।

भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 की धारा 3 (जी) एंव राज्य सरकार द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 1(51) REV–6/2014/31 दिनांक 28.08.2015 के अन्तर्गत भूमि अवाप्ति अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) नैनवा/अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास) एंव भूमि अवाप्ति अधिकारी, बीसलपुर परियोजना देवली होगे।

विवरण

रामगढ़ एवं महलपुर बैराज और नवनेरा–गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक परियोजना के अन्तर्गत गलवा पम्प हाउस का निर्माण एवं गलवा बांध से बीसलपुर बांध तक फीडर निर्माण (RD 9.6 K.M. to 40.6 K.M.) में आने वाली भूमि अर्जन पुनर्वास पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4(1) की कार्यवाही बाबत् विवरण–

क्र. सं.	परियोजना का नाम	ग्राम का नाम	ग्राम पंचायत	तहसील का नाम	जिला	भूमि अवाप्ति अधिकारी
1		भैरूपुरा	गंभीरा	नैनवा	बुन्दी	उपखण्ड अधिकारी नैनवाली)
2		पांडोला	सुवानिया			
3		धानुगांव	सुवानिया			
4		सुंथली	सुवानिया			
5		बालागढ	बालुन्दा	नगरफोर्ट	टोंक	अतिरिक्त कलेक्टर (पुनर्वास एवं भूमि अवाप्ति अधिकारी बीसलपुर परियोजना देवली)
6		बालुन्दा	बालुन्दा			
7		सतवाडा	बालुन्दा			
8		गुराई	गुराई			
9	रामगढ़ एवं महलपुर बैराज और नवनेरा–गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक परियोजना के अन्तर्गत गलवा पम्प हाउस का निर्माण एवं गलवा बांध से बीसलपुर बांध तक फीडर निर्माण (RD 9.6 K.M. to 40.6 K.M.)	खेडा बालाजी	गुराई			
10		रायपुरा	गुराई			
11		संग्रामपुरा	गुराई			
12		गुलाबपुरा	ख्वासपुरा	दूनी		
13		राजेन्द्रपुरा	ख्वासपुरा			
14		रामपुरा	ख्वासपुरा			
15		चकआंवा	ख्वासपुरा			
16		कनवाडा	कनवाडा			
17		संग्रामगंज	टोकरावास			
18		टोंकरावास बुन्दी	टोकरावास			
19		टोकरावास उनियारा	टोकरावास			
20		ठिकरियाकलां	चन्दवाड			
21		बांस लक्ष्मणा	पनवाड़	देवली		

फार्म–2
देखे नियम–5
पार्ट – B
सामाजिक समाघात निर्धारण की अधिसूचना
सामाजिक समाघात निर्धारण की अधिसूचना में निम्नलिखित सम्मिलित होगा

(क)	परियोजना विकासकर्ता का नाम	महाप्रबंधक आर.डब्ल्यू.जी.सी.एल. पी.आई.यू. टोंक–प्रथम
	प्रस्तावित परियोजना का संक्षिप्त वर्णन और अर्जन के लिए प्रस्तावित भूमि का विस्तार, सामाजिक समाघात निर्धारण के अधीन आने वाले परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र	रामगढ़ एवं महलपुर बैराज और नवनेरा–गलवा–बीसलपुर–ईसरदा लिंक परियोजना के अन्तर्गत गलवा पम्प हाउस का निर्माण एवं गलवा बांध से बीसलपुर बांध तक फीडर निर्माण (RD 9.6 K.M. to 40.6 K.M.) तहसील नैनवा जिला बुन्दी एवं तहसील दूनी, देवली, नगरफोर्ट जिला टोंक योजनान्तर्गत कुल क्षेत्रफल 516.227 हैक्ट. भूमि अधिग्रहण प्रस्तावित है।
(ख)	सामाजिक समाघात निर्धारण के मुख्य उद्देश्य और महत्वपूर्ण क्रियाकलाप जिसके अनतर्गत (1) परामर्श (2) सर्वेक्षण (3) सार्वजनिक सुनवाई/सुनवाईयां भी दें।	(1) परामर्श (2) सर्वेक्षण (3) सार्वजनिक सुनवाई
